खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 34°C
न्यूनतम : 22°C

लखनऊ, रविवार 17 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 190 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्णा पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 29 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकार: मायावती पेज 2



डीसी की प्लेऑफ की उम्मीदों को सूर्यवंशी से खतरा खेल टाइम्स



चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी पेज 11



विजय थलापति का नाम सुन शरमाई तृषा कृष्णन बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी भाषण मामले में आजम खां को दो साल की सजा



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए विवादित बयान के मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भोट क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा से जुड़ा है। आरोप है कि मोहम्मद आजम खां ने मंच से प्रशासनिक अधिकारियों, विशेषकर तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### पाक तय करे वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता है या इतिहास का: उपेंद्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को बहुत सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ साजिशें रचना जारी रखता है, तो उसे एक बड़ा फैसला लेना होगा। पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे (भूगोल) पर रहना चाहता है या सिर्फ इतिहास का हिस्सा बनकर रह जाना चाहता है। जनरल द्विवेदी ने यह बात नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कही।

### डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या पर 558 करोड़ रुपये का इनाम

**तेहरान।** ईरानी मीडिया में दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रम्प की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो (करीब 558 करोड़) के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। ईरान वायर के अनुसार, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा काउंटर-एक्शन नाम की योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है। ए टारगेट किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री के बेटे की बढ़ी मुश्किलें

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पोक्सो मामले में घिरे भगीरथ के खिलाफ साइबराबाद पुलिस ने लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। पुलिस ने यह कदम उनके देश छोड़कर भागने की आशंका के चलते उठाया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी भगीरथ को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में बंदी भगीरथ को तेलंगाना हाईकोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है।

# तीसरे व चौथे बच्चे के जन्म पर नकद पैसा देगी आंध्र सरकार

**श्रीकाकुलम, वार्ता**

**आंध्र प्रदेश** के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवार को 30 हजार रुपये और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। नायडू श्रीकाकुलम जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले वह जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में थे, लेकिन अब समय बदल गया है। अब जन्म दर बढ़ाने की जरूरत है। एक महीने के भीतर इसकी पूरी जानकारी जारी की जाएगी। इससे पहले आंध्र सरकार दूसरे बच्चे के जन्म पर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर चुकी है। 5 मार्च को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में इसकी जानकारी दी थी। नायडू ने कहा कि बच्चों को बोझ नहीं, बल्कि देश की संपत्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। किसी भी समाज की जनसंख्या स्थिर रखने के लिए प्रति महिला औसतन 2.1 बच्चों की जन्म दर जरूरी होती है। उन्होंने दावा किया कि कई देशों में घटती आबादी और बुजुर्ग होती जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अप्रैल 2025 में महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील भी की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि सरकारी महिला कर्मचारियों को बच्चों की संख्या चाहे जितनी हो, हर बच्चे पर 26




- राज्य में जन्म दर बढ़ाने की जरूरत, कम जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा: सीएम चंद्रबाबू नायडू

हफ्ते यानी 6 महीने की मातृत्व अवकाश मिलेगा। तब तक यह अवकाश सिर्फ पहले दो बच्चों तक सीमित था। दो से ज्यादा बच्चे होने पर 12 हफ्ते की छुट्टी मिलती थी। महिला दिवस के कार्यक्रम में नायडू ने कहा था कि यह फैसला जनसंख्या संतुलन बनाए रखने और महिलाओं को नौकरी व परिवार के बीच संतुलन बनाने में मदद करने के लिए लिया गया है। नायडू का कहना था कि दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी युवाओं की संख्या घट रही है और बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है। इसी वजह से वे लंबे समय की जनसंख्या नीति पर जोर दे रहे हैं। नायडू के बयान को लोकसभा परिसीमन से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, केंद्र की भाजपा सरकार परिसीमन को लेकर बिल संसद में एक बार रख चुकी है। दक्षिणी राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें घट जाएंगी। हालांकि यह बिल पास नहीं हो पाया था। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में बोलते हुए समझाया था कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी। शाह ने कहा कि मैं समझाता हूं। मान लीजिए 100 सीटें हैं और 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षण देना है। यदि कुल सीटों में 50 फीसदी वृद्धि कर दी जाए, तो यह 150 हो जाती हैं। और जब 150 का 33 फीसदी आरक्षण लागू होता है, तो यह लगभग 100 सीटों के बराबर हो जाता है।' 'अभी लोकसभा में 543 सदस्य हैं। परिसीमन के बाद सीटों में 50 फीसदी वृद्धि की जाएगी और कुल संख्या 816 हो जाएगी। इसमें से 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। 850 एक राउंड फिगर है, वास्तविक संख्या 816 होगी।'

# अब चांदी के आयात पर लाइसेंस लेना जरूरी

## आयात पर प्रतिबंध का उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियम तत्काल प्रभाव से कड़े कर दिए हैं। यह कदम कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाने के कुछ ही दिनों बाद उठाया गया है। इस फैसले से घरेलू बाजार और व्यापार संतुलन पर असर पड़ने की उम्मीद है। सरकार ने चांदी के आ यात को फ्री केटिगरी से प्रतिबंधित केटिगरी में डाल दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के चलते चांदी पर आयात में प्रतिबंध का मकसद विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना माना जा रहा है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। चांदी की आयात नीति को मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में संशोधित किया गया है। इसमें सोने और



- कीमती धातुओं पर शुल्क बढ़ाने के बाद फैसला
- 13 मई को चांदी के आयात पर 6% शुल्क को बढ़ाकर किया था 15%

प्लैटिनम से चढ़ी चांदी भी शामिल है। प्रतिबंधित श्रेणी के तहत आने वाले सामानों के आयात के लिए अब सरकार से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार ने 13 मई को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में बड़ी वृद्धि की थी। आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह लगातार दूसरा बड़ा कदम है, जो कीमती धातुओं के आयात को प्रभावित करेगा। इन कदमों से देश में चांदी के व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा। सरकार ने चांदी के आयात को लेकर अपनी नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले चांदी का आयात मुक्त श्रेणी में आता था, जिसका अर्थ था कि इसे आसानी से आयात किया जा सकता था। अब इसे प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। इस बदलाव का मतलब है कि आयातकों को अब चांदी मंगाने के लिए सरकारी अनुमति लेनी होगी। यह प्रक्रिया आयात को और अधिक नियंत्रित और जटिल बना देगी। चांदी पर प्रतिबंध लगाने से पहले, सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया था। 13 मई को यह शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह वृद्धि सोने और अन्य कीमती धातुओं पर भी लागू हुई थी। इन दोनों कदमों से देश में कीमती धातुओं का आयात महंगा हो जाएगा। यह सरकार का एक और महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय है।

# ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशक: मोदी

- पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले, तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है।

दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे के दौरान वहां रहने वाला सूरीनामी- हिंदुस्तानी समुदाय खास चर्चा में रहा। यह समुदाय उन भारतीयों के परिवारों से जुड़ा है, जिन्हें करीब 153 साल पहले बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल से काम के लिए सूरीनाम भेजा गया था। बाद में इनमें से कई लोग नीदरलैंड आकर बस गए। आज भी यह समुदाय अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संभालकर रखे हुए है। हेग शहर में रहने वाले लोग अब भी भोजपुरी और अवधी से जुड़ी सरनामी भाषा बोलते हैं। यहां भारतीय संगीत, भजन और भोजपुरी गीत काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भी लोगों ने कथक, गरबा और भोजपुरी गीत पेश किए। करीब दो लाख सूरीनामी- हिंदुस्तानी लोग आज नीदरलैंड में रहते हैं। उन्हें यूरोप में भारतीय मूल का सबसे पुराना बड़ा समुदाय माना जाता है। नीदरलैंड का राज परिवार यूरोप के सबसे पुराने शाही परिवारों में से एक माना जाता है। इसे हाउस ऑफ ऑरेंज-नासाउ कहा जाता है। नीदरलैंड के मौजूदा राजा विलेम-अलेक्जेंडर हैं।

### मोदी पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान को हटाएं या जवाबदेही लें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि उन्हें नहीं हटाया जाता है, तो श्री मोदी को स्वयं इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण 22 लाख बच्चों के साथ धोखा हुआ है, लेकिन श्री मोदी एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी को अभी हटाइए या जवाबदेही खुद लीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पेपरलीक की घटना से देश के 22 लाख विद्यार्थियों की दो वर्ष की मेहनत बर्बाद हो गई और पूरा देश जानता है कि नीट परीक्षा से पहले व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र बांटा जा रहा था।

## 182 करोड़ की 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन की तस्करी में शामिल एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 227.7 किलो कैप्टागॉन जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत 182 करोड़ रुपये है।

यह पहला मौका है जब देश में इस तरह की खतरनाक ड्रग पकड़ी गई है। इस मामले में सीरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'नशा-मुक्त भारत' के लिए संकल्पित है।

- देश में पहली बार इस प्रकार की खतरनाक ड्रग पकड़ी गई: शाह

### नीट पेपर लीक मामले में एक और गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्न लीक मामले में शामिल एक और मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने गहन पूछताछ के बाद एक अन्य मुख्य आरोपी पुणे (महाराष्ट्र) की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया है। वह नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं।

## कॉकरोच वाले बयान पर सीजेआई ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी।

उन्होंने कहा कि मीडिया के एक वर्ग ने मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीफ जस्टिस ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई करते हुए देश के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से की थी।

- मैंने फर्जी डिग्रीधारी वालों की आलोचना की थी: सूर्यकांत

# भारत में सूखा व भीषण गर्मी पड़ने की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है।

नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा। अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा, तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है। सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

- सुपर अल नीनो के मई-जुलाई से सर्दियों तक जारी रहने के आसार

### 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान व बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है जबकि बिहार और अंडमान में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं चलने की चेतावनी दी है। दिल्ली में अधिकतम तापमान में लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि और न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 40.41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि मानसून आज दक्षिण-पूर्वी अरब सागर, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व हिस्सों, अंडमान सागर के अधिकांश क्षेत्रों, संपूर्ण निकोबार द्वीप समूह और श्री विजयपुरम सहित अंडमान द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार कंटेनर में घुसी, पांच की मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार अपरा]न हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार तेज गति से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर जा रही थी। माइलस्टोन-238 के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर डायल-112 और थाना कंधरापुर पुलिस मौके पर पहुंची।

### सत्यम वर्मा के खिलाफ एनएसए हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** नागरिक अधिकार संगठन 'जनहस्तक्षेप' ने नोएडा में मजदूर आंदोलन से जुड़ी हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार पत्रकार व लेखक सत्यम वर्मा और आंदोलनकारी आकृति चौधरी के खिलाफ एनएसए लगाए जाने को निराधार व गैरकानूनी बताते हुए उन पर लगाए गए आरोपों को वापस लिए जाने की मांग की है। जनहस्तक्षेप के संयोजक विकास वाजपेयी व सहसंयोजक अनिल दुबे ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि वर्मा और उनके सहयोगी राष्ट्रीय राजधानी के नोएडा और मानेसर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी लागू करने, काम की निर्धारित अवधि तय किए जाने और उनके अन्य बुनियादी अधिकारों के लिए पिछले कुछ महीनों से आंदोलन चला रहे थे।

# अब गांव के बच्चों तक पहुंचेगी आधुनिक विज्ञान शिक्षा

■ सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 9,356 विद्यालयों में साइंस किट उपलब्ध कराई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक और प्रयोग आधारित विज्ञान शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। प्रदेश के 38 जिलों के 9,356 विद्यालयों में साइंस किट उपलब्ध कराकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा मिल सके। इन साइंस किटों के माध्यम से अब सरकारी स्कूलों के छात्र केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रयोग और गतिविधियों के जरिए विज्ञान को समझ सकेंगे।

सरकार का मानना है कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार क्षमता विकसित करने के लिए प्रयोग आधारित शिक्षण बेहद जरूरी है। प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में साइंस किटें भेजी गई हैं। गोंडा में 370, शाहजहांपुर में 366, आगरा में 357, उन्नाव में 338, बुलंदशहर में 314 और अलीगढ़ में 301 साइंस किटों की आपूर्ति की गई है। वहीं लखीमपुर खीरी में 464 और सीतापुर में 469 साइंस किटें पहुंचाई गई हैं।



### गरीबों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि उपचार कराने में सरकार भरपूर मदद करेगी और इसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक जाकर उनकी समस्याओं को सुना।

# परीक्षा पर चर्चा नहीं, समीक्षा की है जरूरत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार का शिक्षा तंत्र अक्षमता, राजनीतिक पक्षपात और भ्रष्टाचार से ग्रस्त है और समय 'परीक्षा पर चर्चा' नहीं बल्कि 'परीक्षा की समीक्षा' का है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि मोदी सरकार का शिक्षा तंत्र 'तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों' से भरा हुआ है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में खुद को बेहद अक्षम, राजनीतिक रूप से पक्षपाती और भ्रष्ट साबित किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर हर महीने कोई न कोई नया संकट सामने आता है, जिनमें एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक विवाद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के कुलपतियों की नियुक्ति संबंधी मसौदा नियम, लगातार पेपर लीक, एनएएसी रिश्वतखोरी प्रकरण, आईसीएचआर घोटाला, समग्र शिक्षा निधि को कथित रूप से असंवैधानिक तरीके से रोकना, कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुपस्थित कुलपतियों की नियुक्ति और शिक्षकों के बड़े पैमाने पर रिक्त पद शामिल हैं। रमेश ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय की अक्षमता की बराबरी केवल शिक्षा मंत्री के अहंकार से हो सकती है। उनका कहना था कि जब मीडिया ने एनटीए को लेकर संसदीय स्थाई समिति की सिफारिशों पर अमल न करने के बारे में सवाल पूछा गया तो शिक्षा मंत्री ने समिति की रिपोर्ट को यह कहकर गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया कि उसमें 'विपक्ष के सदस्य' शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि समिति के 30 सदस्यों में 17 सांसद भारतीय जनता पार्टी के ही हैं और समिति की सिफारिशों में के. राधाकृष्णन विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट की पुनर्पुष्टि भी शामिल है, जिसका हवाला स्वयं मंत्री देते हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय स्थाई समिति को स्वीकार करने से इनकार करना अपनी ही पार्टी के सांसदों तथा संसद की बहुदलीय परंपराओं को खारिज करने जैसा है। आज समय की मांग 'परीक्षा की समीक्षा' है और शिक्षा मंत्री इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त नहीं दिखते। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा के पेपर लीक होने और इस वजह से छात्रों की आत्महत्या की खबरों को लेकर मोदी सरकार पर हमला किया और कहा कि यह सब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम है, इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।



■ शिक्षा तंत्र तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों से भरा हुआ: जयराम

■ पेपर लीक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए: खड़गे

## मौसम शुष्क बने रहने तथा तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार

# उप्र में अगले पांच दिन रहेगा भीषण गर्मी का प्रकोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने तथा तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में 20 मई तक उष्ण लहर (लू) से लेकर अति उष्ण लहर चलने की चेतावनी जारी की है।

मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार दक्षिणी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हालात गंभीर हो सकते हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के लखनऊ केंद्र द्वारा शनिवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 16 से 19 मई तक पूरे प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा, जबकि 20 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 16 और 17 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं 18 मई से स्थिति और गंभीर होने के संकेत हैं, जब प्रदेश के कई हिस्सों में व्यापक स्तर पर उष्ण लहर का प्रभाव देखने को मिलेगा। 19 और 20 मई को कई जिलों में लू से अति उष्ण लहर की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार 16 मई को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी समेत आसपास के क्षेत्रों में लू का प्रभाव अधिक रहेगा। 17 मई को इसका दायरा बढ़ते हुए प्रतापगढ़, जौनपुर, कानपुर नगर, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया तक पहुंच जाएगा। 18 मई से पूर्वांचल और बुंदेलखंड के साथ मध्य यूपी के बड़े हिस्से भी गर्मी की चपेट में आ जाएंगे। मौसम विभाग ने गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, उन्नाव, अमेठी, सुल्तानपुर, कन्नौज, ललितपुर और मैनपुरी सहित कई जिलों में भीषण गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम



■ मौसम विभाग की चेतावनी: पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कई जिलों में लू के थपेड़े करेंगे बेहाल

### आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में हाल ही में आए भीषण आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार से पूरी उदारता बरतने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक्स पर लिखा- यूपी के कई हिस्सों में जबरदस्त आंधी-तूफान से जान-माल की भारी तबाही हुई है। राज्य सरकार को पूरी उदारता के साथ हर प्रकार से पीड़ितों के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वे लोग अपने उजड़े/बिखरे हुए पारिवारिक जीवन को समेट कर दोबारा से अपनी जिदगी शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करोड़ों गरीबों, मेहनतकश परिवारों, खेती- किसानी के साथ-साथ मिडिल क्लास के जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करेगी।

# लेह में खुलेगा आईआईटी जम्मू का सैटेलाइट कैंपस: उपराज्यपाल

**लेह, वार्ता**

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन ने आईआईटी, जम्मू के साथ लेह में 'सैटेलाइट कैंपस' स्थापित करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है।

उन्होंने इसे लद्दाख के युवाओं की आकांक्षाओं को नई उड़ान देने वाला कदम बताया है। उपराज्यपाल सक्सेना ने अपने पोस्ट में लिखा है कि यह कैंपस लद्दाख के युवाओं के लिए बड़े बदलाव का वादा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भौगोलिक चुनौतियों या शीर्ष तकनीकी संस्थानों तक पहुंच की कमी के कारण अब यहां के छात्रों के सपने अधूरे नहीं रहेंगे। इस पहल के माध्यम से लद्दाख के छात्रों को अपने ही घर में ही विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। कैंपस की कार्ययोजना का विवरण देते हुए बताया कि इसकी शुरुआत दो आधुनिक विषयों सिविल इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई)/डेटा साइंस के साथ की जाएगी। यह कैंपस छात्रों के लिए अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। समझौता पत्र के अनुसार, आने वाले समय में कारगिल में एक पूर्ण आवासीय परिसर भी विकसित किया जाएगा, जो 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74608.98 |
| निफ्टी | 23501.25 |
| सोना | 160977 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 287720 प्रति किलो |

# अधिकारी ने मिथुन से की मुलाकात

**कोलकाता, वार्ता**

■ मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद अधिकारी और चक्रवर्ती के बीच यह पहली अलग से हुई बैठक थी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नेता एवं अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के न्यू टाउन स्थित आवास पर पहुंचे और करीब एक घंटे तक उनके साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद अधिकारी और चक्रवर्ती के बीच यह पहली अलग से हुई बैठक थी।

बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने श्री चक्रवर्ती की तारीफ की और उन्हें पश्चिम बंगाल में भाजपा के उभार के मुख्य शिल्पकारों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मिथुन दा ने न केवल राज्य में राजनीतिक बदलाव लाने में, बल्कि मुख्यमंत्री के तौर पर मुझे आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। वह बंगाल में भाजपा की जीत के मुख्य शिल्पकारों में से एक हैं। पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया है और इसमें उनकी भी भूमिका रही है। पिछले छह सालों से उन्होंने राज्य में राजनीतिक बदलाव के लिए बिना थके और निस्वार्थ भाव से काम किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री चक्रवर्ती ने पहले मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद उनसे मिलने की इच्छा जताई थी, लेकिन अधिकारी ने खुद जाकर इस दिग्गज अभिनेता- राजनेता से मिलने पर जोर दिया। अधिकारी ने कहा कि मैंने उनसे कहा कि आप क्यों आएंगे? आपके द्वारा बनाया गया मुख्यमंत्री खुद आपसे मिलने आएगा। अधिकारी की बातें सुनकर चक्रवर्ती काफी भावुक हो गए और उन्हें गले लगा लिया। अधिकारी ने कहा कि श्री चक्रवर्ती की लोकप्रियता भाजपा के समर्थकों से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैंने आठवीं कक्षा के बाद फिल्में देखना छोड़ दिया था, लेकिन मिथुन दा अलग हैं। वह महागुरु हैं। मैं उनका आशीर्वाद लेने आया था। वहीं चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की और कहा कि पश्चिम बंगाल के लिए उनसे बेहतर मुख्यमंत्री कोई हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में उनसे बेहतर मुख्यमंत्री कोई हो ही नहीं सकता। मैं इसकी गारंटी दे सकता हूं। शपथ लेने के बाद से वह लगातार काम कर रहे हैं। हमें उन पर गर्व है और हम पूरी तरह से उनके साथ खड़े हैं।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव उतर गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम बढ़ गए जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये बढ़कर 3,829 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा। आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 63 रुपये और मसूर दाल की 34 रुपये प्रति क्विटंल फिसल गई। वहीं, मूंग दाल आठ रुपये और उड़द दाल चार रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। सरसों तेल भी 22 रुपये सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 92 रुपये और सूरजमुखी तेल 40 रुपये महंगा हो गया। पाम ऑयल में 15 रुपये और वनस्पति में चार रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बंद हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी की कीमत पांच रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विटंल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327.36 रुपये और गुड़ 5068.68 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17862.07 रुपये, मूंगफली तेल 18853.49 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.98 रुपये, सोया तेल 14996.12 रुपये, पाम ऑयल 13496.02 रुपये और वनस्पति 15003.86 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा, आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए एक और आईआर बटालियन को मंजूरी दी

**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के लिए एक और भारतीय रिजर्व (आईआर) बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है, जिससे सुरक्षा बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मंत्रालय ने त्रिपुरा के मुख्य सचिव जेके सिन्हा को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार नई बटालियन के लिए 50 करोड़ रुपये की एकमुश्त वित्तीय मदद देते हुए जमीन की लागत को छोड़कर बुनियादी ढांचे के खर्च के लिए 30 करोड़ रुपये तक की संभावित रीइंबर्समेंट भी देगी। उन्होंने बताया कि केंद्र का बटालियन पर पहला अधिकार होगा, जिससे जरूरत पड़ने पर देश में कहीं भी तैनाती की अनुमति मिलेगी और बटालियन को उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, आंतरिक सुरक्षा प्रबंधन और सीमा सुरक्षा जैसे काम दिए जा सकते हैं। राज्य सरकार केंद्र द्वारा किए गए तैनाती अनुरोध को मानने के लिए बाध्य है और दूसरे राज्यों में तैनाती के मामलों में उधार लेने वाला राज्य नियमित रूप से आनुपातिक खर्च उठाएगा, जब तक कि तैनाती केंद्र सरकार के निर्देश पर किसी छूट प्राप्त वाले राज्य में न हो। उन्होंने कहा कि आईआर बटालियन को शामिल करना त्रिपुरा के सुरक्षा ढांचे के लिए एक बड़ा कदम है, जो इस इलाके में लंबे समय तक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की क्षमताओं का आधुनिकीकरण करने और मजबूत करने पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बेटियों की शिक्षा पूरे राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

श्रीमती गुप्ता ने आज आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मेधावी छात्राओं के सम्मान और निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा पास करने वाली छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, ताकि वे अपनी पढ़ाई आसानी, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं।



उन्होंने इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए आयोजकों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सपनों को नई गति देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। हर वर्ष लगभग 1.30 लाख छात्राएं कक्षा 9 में प्रवेश लेती हैं और साइकिल मिलने से वे कक्षा 9 से लेकर कॉलेज एवं कोचिंग तक अपनी पढ़ाई के दौरान इसका उपयोग कर सकेंगी। गर्मियों की छुट्टी के बाद छात्राओं को साइकिल वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने आरके पुरम के विधायक अनिल शर्मा और रोटरी क्लब दिल्ली इंपीरियल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजना लागू होने से पहले ही 500 से अधिक छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्होंने समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने रोटरी क्लब सहित सभी सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त किया।

### अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह में योगी बढ़े मानदेय का करेंगे वितरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अंशकालिक अनुदेशकों के बढ़े मानदेय का वितरण करेंगे। प्रदेश सरकार कल पूरे राज्य में बढ़े हुए मानदेय वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम चार बजे लोकभवन सभागार में राज्यस्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इसकी शुरुआत करेंगे। मुख्य कार्यक्रम का सभी 75 जिलों में सीधा प्रसारण होगा। हर जिले में भी समानांतर भव्य आयोजन किए जाएंगे। इनमें प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि-अधिकारी मौजूद रहेंगे। राज्यस्तरीय और जिला स्तरीय कार्यक्रमों के समापन पर जनप्रतिनिधि अंशकालिक अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक सौंपेंगे।

# 104 साल पुराने मंदिर से चोरी भगवान शनि की अष्टधातु प्रतिमा बरामद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में उत्तरी जिले के कोतवाली पुलिस थाना ने 104 साल पुराने श्री शिव नवग्रह मंदिर में हुई एक सनसनीखेज चोरी की गुत्थी को सुलझा लिया है और एक आदतन चोर के साथ एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई कीमती भगवान शनि देव की प्राचीन अष्टधातु प्रतिमा को बरामद कर लिया है। उत्तर जिला उपायुक्त राजा बंथिया के अनुसार चांदनी चौक स्थित मंदिर से भगवान शनि महाराज की प्राचीन प्रतिमा और अन्य पीतल की वस्तुओं की चोरी के संबंध में मंदिर के पुजारी मुकेश शर्मा ने 12 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि चोरी तड़के 3:00 बजे से 5:00 बजे के बीच हुई थी। कोतवाली पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। महा शनि जयंती से पहले मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली शंकर बनर्जी की देखरेख में और निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने इलाके में लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी निगरानी और स्थानीय जानकारी के आधार पर, आरोपी दिलशाद उर्फ बंता (45) को कलकट्टिया गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि वह यमुना बाजार इलाके में फुटपाथ पर रहता है और पहले भी चोरी और सेंधमारी के 15 मामलों में शामिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाकियू अरा. गुट से तीन दर्जन किसानों ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के लखनऊ के सरोजिनी नगर में चल रहे आपसी मतभेदों के कारण 36 पदाधिकारियों ने और सैकड़ों किसानों के साथ स्वेच्छा से अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। विंनोद कुमार जोन अध्यक्ष व बद्री प्रसाद तहसील अध्यक्ष ने काफी समय से चल रहे विचारों के मतभेद को सामूहिक त्यागपत्र का प्रमुख कारण बताया है।

### अवैध खनन: जेसीबी मशीन और टैक्टर ट्राली किया सीज

**अमेठी ।** जिले की जामो थाने की खाकी पुलिस ने अवैध खनन के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन और टैक्टर ट्राली को सीज कर दिया है बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपरा. धियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में ग्राम दतनपुर कटारी के जंगल में अवैध खनन हो रहा है । पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुं. चने पर अवैध खनन करने वाली 01 ट्रैक्टर मय ट्राली व 01 जेस. ीबी को कब्जे में लिया गया ।

### तिलोई सर्किल में प्रतिबंधित लकड़ियों का लगा अंबार

**अमेठी ।** तिलोई तहसील क्षेत्र अन्तर्गत जायस, बहादुरपुर, शंकरगज, मोहनगंज, शिव. रतनगंज, सेमरौता, अहोरवा भवानी, शाहमऊ, पूरे जहान, इन्हौना शुक्ल बाजार सड़क मार्ग, पीएचसी इन्हौना, सहित अन्य कई स्थानों पर वगैर वन विभाग की लिखित अनुमति के ही लकड़ियों की आढ़त काफी तेजी से फल फूल रही है, इने द्वारा वन विभाग तथा स्थानीय पुलिस विभाग को इस अवैध आढत के बदले माहवारी रकम पहुंचाई जाती है जब कोई भी मीडिया कर्मी इन अवैध आढ़तों का खुलासा करता है, तो लकड़ी कारोबारी मीडिया कर्मियों के साथ गाली-गलौच और मारपीट पर उतारू हो जाते है।

### मजिस्ट्रीयल जांच

**प्रयागराज।** अभियुक्त पप्पू सोनकर पुत्र स्व. सोहनलाल सोनकर निवासी सोहबतियाबाग थाना जार्जटाउन जनपद प्रयागराज की 04.02.2026 को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में हुई मृत्यु सम्बंधी मजिस्ट्रीयल जांच हेतु अपर जिलाधिकारी नगर ने अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ को जांच अधिकारी नामित किया है।

## विहिप नेता और रेस्टोरेंट कर्मियों में जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नगर के कटरा के एक रेस्टोरेंट में शुक्रवार रात जमकर हंगामा हुआ। यहां एक विहिप नेता और कर्मचारियों के बीच झगड़ा हुआ और इसके बाद मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लात-घूंसों के साथ कुर्सियां भी चलाईं।

इसमें दोनों पक्षों के साथ बीचबचाव करने पहुंचे एक संत भी जख्मी हो गए। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस ने मेडिकल भी कराया है। कटरा में मनमोहन पार्क चौराहे के पास मार्सेल रेस्टोरेंट स्थित है। यहां फार्च्यूनर से एक विहिप नेता कुछ लोगों को लेकर खाना खाने पहुंचे। उनके ड्राइवर ने कार रेस्टोरेंट के सामने पार्क कर दी। इस बात का कर्मचारियों ने विरोध किया तो विहिप नेता के साथ आए लोगों से उनकी नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ी कि मारपीट शुरू हो गई। पहले रेस्टोरेंट के बाहर और फिर अंदर भी विवाद हो गया। दरअसल मारपीट के दौरान ही कुछ कर्मचारी भीतर गए तो पीछे से विहिप नेता के साथ आए लोग भी पहुंच गए। इसके बाद रेस्टोरेंट के भीतर भी मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और कुर्सियां भी फेंकी। इस दौरान वहां मौजूद एक संत ने कर्मचारियों का पक्ष लिया तो उनसे भी मारपीट की गई।

# लोकतंत्र को मजबूत करता है सूचना का अधिकार

## कांग्रेस कमेटी आरटीआई पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआई) के पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का संचालन विभाग के उपाध्यक्ष डा. अमित उठवाल ने किया तथा आरटीआई एक्टिविस्ट देवेन्द्र मणि त्रिपाठी जी द्वारा कार्यकर्ताओं को आरटीआई के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं




उत्तर प्रदेश प्रभारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उपस्थित रहे। अविनाश पाण्डे ने कहा कि सूचना का अधिकार लोकतंत्र को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है और कांग्रेस पार्टी सदैव पारदर्शिता एवं जवाबदेही की पक्षधर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आरटीआई के माध्यम से जनहित के मुद्दों को सामने लाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की आवाज को बुलंद करने का कार्य करती रही है। विभाग के चेयरमैन श्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के दौरान एक लकी ड्रा प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमें पात्र पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अविनाश पाण्डेय जी एवं अजय राय जी द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें पुरस्कार प्रदान कर उपस्थित कार्यकर्ताओं को उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष डा अमित उठवाल, महेन्द्र श्रीवास्तव, सीमा देबनाथ, रामानंद राजपूत, शशांक सक्सेना, आरटीआई एक्टिविस्ट देवेश मणि त्रिपाठी, रामा आशीष मौर्य, राजेश त्रिपाठी, राजेन्द्र श्रीवास्तव, विवेक कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार आदि शामिल रहे।

# बैंक कर्मियों ने काले कपड़ों में किया कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** बैंकों में 5 दिवसीय बैंकिंग लागू करने तथा पीएलआई योजना को बैंकों की द्विपक्षीय समझौता प्रणाली के अनुसार लागू करने की मांगों हेतु यूएफबीयू (फोरम) के पदाधिका. रियों एवं सदस्यों ने आज विरोध में काले वस्त्र पहनकर बैंकों में कार्य किया, यह जानकारी फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने दी।

उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग हेतु फोरम के लंबे संघर्ष तथा एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने के बाद भी केंद्र सरकार ने इसे लागू नहीं किया। फोरम के वरिष्ठ पदाधिकारियों वाई. के. अरोड़ा द्धप्रदेश संयोजकत्र्, डी.के. सिंह, एस.के. संगतानी, लक्ष्मण सिंह, मनमोहन दास, संदीप सिंह ने बताया कि भारतीय बैंक संघ



बैंकों में पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने तथा पीएलआई योजना को बैंकों की द्विपक्षीय समझौता प्रणाली के अनुसार लागू करने की मांग के समर्थन में दिखाई एकजुटता

काफी समय पूर्व ही 5 दिवसीय बैंकिंग के लिए अपनी सहमति दे चुका है, किंतु बैंककर्मी विरोधी केंद्र सरकार इसके लिए अपनी स्वीकृति नहीं दे रही है।यूएफबीयू (फोरम) के वी के माथुर, विभाकर कुशवाहा, बी डी पाण्डेय तथा सुश्री विशाखा वर्मा, स्वाति सिंह आदि नेताओं ने बताया कि केंद्र सरकार ने स्केल फोर और उससे ऊपर के अधिकारियों सहित शीर्ष प्रबंधन के लिए मनमाने तरीके से पीएलआई योजना (परफार्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव) लागू करने का भी निर्देश दिया है, जो कि सुलह प्रक्रिया की अवहेलना है। अत: बाध्य होकर बैंककर्मी निरंतर संघर्षरत हैं ।

अनिल तिवारी (मीडिया प्रभारी) ने मीडिया को बताया कि केंद्र सरकार की हठधर्मिता के चलते बैंककर्मियों की बैंक प्रबंधन के साथ अतिरिक्त सहयोग न करने की नीति आगे भी जारी रहेगी तथा फोरम की केंद्रीय समिति के निर्देश पर बैंककर्मी अपनी जायज मांगों के लिए आगे भी हड़ताल व आंदोलनात्मक कार्यक्रम को तैयार हैं।

## बारात में युवक की मौत, जांच में सीओ को हादसे की आशंका

**रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र में बारात के दौरान युवक की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद सीओ सलोन यादुवेंद्र पाल ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत हादसे में चोट लगने से होने की बात सामने आई है।

डीह थाना क्षेत्र के शेरनाथपुर मजरे गोपालपुर निवासी बृजेंद्र कुमार (22) बीते 8 मई को पूरे कलंदर मजरे निनावां गांव में एक बारात में शामिल होने गया था। रात में वह जनवासे में चारपाई पर अचेत अवस्था में मिला। साथी उसे तत्काल इलाज के लिए सलोन ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को सीओ सलोन यादुवेंद्र पाल, डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज और चौकी प्रभारी मोहित शर्मा गांव पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। जांच के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि रात में दूल्हे का भाई वासुदेव लोडर वाहन बैक कर रहा था। उसी दौरान पीछे चारपाई पर लेटे बृजेंद्र को वाहन की टक्कर लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सीओ यादुवेंद्र पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में हादसे के कारण युवक की मौत होने की बात सामने आई है। पुलिस ने लोडर वाहन और टूटी हुई चारपाई को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने कहा कि मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत महेवा के दुर्गा नगर मोहल्ले में एक विवाहिता का शव मिलने से सनसनी फैल गई। इसकी जानकारी पर पहुंचे मायके वालों ने जमकर हंगामा किया और ससुराल वालों द्वारा हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। हंगामा की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नैनी थाना क्षेत्र के महेवा पश्चिम पट्टी निवासी संजू निषाद की शादी महेवा के दुर्गा नगर मोहल्ले में संतोष कुमार के साथ 2011 में हुई थी मृतका के भाई नीरज निषाद का कहना है कि शुक्रवार की रात लगभग दो बजे उसके बहनोई संतोष ने उसे फोन कर बताया कि तुम्हारी बहन को मार डाला है जब हम लोग उसके ससुराल पहुंचे तो उसका शव कमरे में पड़ा हुआ था। वहां पर ससुराल वालों ने मायके वालों ने जब हंगामा करने लगे तो मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा बूझकर शांत किया। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। नीरज द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक उसकी बहन संजू को उसके ससुराल वाले दहेज लाने के लिए अक्सर मारा पीटा करते थे ।

### अवैध शराब संग एक युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** रेलवे सुरक्षा बल ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 53 हजार आंकी गई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व और निरीक्षक अमित कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क अभियान के तहत की गई। आरपीएफ की टीम प्रयागराज जंक्शन स्टेशन परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों और सामानों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान उप निरीक्षक कार्तिक मिश्रा और सहायक उप निरीक्षक अतुल कुमार सिंह को आर.ई. रेस्ट हाउस के पास गेट संख्या-06 के निकट एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया।

# निजीकरण मामले में मुख्यमंत्री हस्तक्षेप करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का एकतरफा निर्णय घोषित किए जाने के बाद से ऊर्जा निगमों में कार्य का वातावरण लगातार बिगड़ता जा रहा है।

निजीकरण थोपने की को. शिशों के साथ-साथ बिजली कर्मियों पर लगातार दमनात्मक एवं उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां की जा रही हैं, जिससे पूरे विभाग में भय, असंतोष और टकराव की



स्थिति उत्पन्न हो गई है।संघर्ष समिति ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों एवं अभियंताओं का निरंतर उत्पीड़न किया गया है। शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाहियां, स्थानांतरण, निलंबन तथा मान. सिक दबाव जैसी कार्रवाइयों ने ऊर्जा निगमों में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल पैदा कर दिया है। इसका प्रतिकूल प्रभाव विकास कार्यों एवं विद्युत व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मियों का मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है। बिजली कर्मियों ने उनके नेतृत्व में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आगे भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु कार्य करते रहेंगे।

# डेंगू दिवस पर सीएमओ कार्यालय में संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को सीएमओ कार्यालय के सभागार में श्राष्ट्रीय डेंगू दिवसश पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सीएमओ डा. संतोष गुप्ता के निर्देश पर आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी मिश्रा ने की। इस वर्ष यह दिवस ष्डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी जांच करें, सफाई करें




और ढकें की थीम पर मनाया जा रहा है। इस दौरान डीएमओ हरिशंकर द्वारा सभी को जन जागरूकता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्षता करते हुए डा. एसपी मिश्रा ने बताया कि डेंगू एक वायरल बीमारी है। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से निपटने के लिए जिला अस्पताल में10 बेड और प्रत्येक सीएचसी पर 5-5 बेड आरक्षित किए हैं।

जिला अस्पताल में एनएस-1 व एलाइजा टेस्ट तथा प्रत्येक सीएचसी पर शुरुआती 5 दिनों के मरीजों के लिए एनएस-1 जांच की त्वरित सुविधा है। अस्पताल में प्लेटलेट्स और ब्लड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है तथा एम्बुलेंस 102 व 108 अलर्ट मोड पर हैं।

## टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल कीअनूठी पहल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में ष्उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल ष्के पदा. धिकारियो की बैठक हुई।

प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की अपील एवं प्रेरणा से ष्उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट केटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल ष्के पदा. धिकारियो ने जनहित में एक अनोखी एवं अनूठे पहल की शुरुआत कीसंगठन से जुड़े हुए सभी पदाधिकारिओ ने वैश्विक



परिस्थितियों के चलते बढ़ी महगाई, दूध, दही ,खोया, पनीर कमर्शियल गैस सिलेंडर ,लेबर रेट, ट्रांसपोर्टेशन की कीमतें बढ़ने के बावजूद बेटियों की शादी में कैटरिंग एवं टेंट के रेट नहीं बढ़ाने का संकल्प लेते हुए बेटियों की शादी में रेट नहीं बढ़ाने की घोषणा की मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस अवसर पर कहा टेंट एवं कैटरिंग क्षेत्र के व्यापारियों की भूमिका जन्म से मृत्यु तक के कार्यों में रहती है तथा यह व्यापारी सभी का सहयोग करते हैं । बैठक में मंडल के चेयरमैन राघवेन्द्र चौधरी, अध्यक्ष संतोष गुप्ता, महामंत्री मोहित कुमार, कोषाध्यक्ष आयुष पांडे ,सचिव संदीप कुमार ,संगठन मंत्री रंजीत कुमार वैद्य ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव सिंह, प्रचार मंत्री जितेंद्र कुमार एवं सुनील ठाकुर सहित प्रमुख पदा. धिकारी उपस्थित रहे।

## एक जून से नए स्वरूप में दिखेगा रेलवे का लोगो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारतीय रेल की दशकों पुरानी पहचान अब बदलने जा रही है। अपनी परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को सहेजने वाली रेलवे ने अपने आधिकारिक लोगो (चिह्न) में एक बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक रेलवे के लोगो में नजर आने वाले 17 सितारों की जगह अब 18 सितारे अपनी चमक बिखेरेंगे। रेल मंत्रालय द्वारा लिए गए इस निर्णय के बाद अब देशभर में रेलवे की नई पहचान स्थापित की जाएगी। इस बदलाव की मुख्य धुरी देश के 18वें रेलवे जोन के रूप में साउथ कोस्ट रेलवे द्धएससीओआरत्र् का गठन है। दरअसल, भारतीय रेलवे की यह लंबी परंपरा रही है कि उसके लोगो में अंकित सितारों की संख्या सीधे तौर पर देश में मौजूद कुल रेलवे जोन को दर्शाती है। जैसे-जैसे रेलवे का विस्तार हुआ और नए जोन बने, इन सितारों की संख्या भी बढ़ती गई। अब दक्षिण तटीय रेलवे के विधिवत जुड़ाव के साथ ही 18वें सितारे को भी लोगो में जगह दे दी गई है। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। 14 मई को जारी किए गए पत्र के अनुसार, सभी जोनल रेलवे, प्रोडक्शन यूनिट्स और रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों को पुराने लोगो को हटाकर नए स्वरूप को अपनाने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है।

# जेंडर सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** महिला एवं लिंग अध्ययन संस्थान द्वारा कुलपति प्रो. सैनी के कुशल नेतृत्व में जेंडर सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लैंगिक समानता, संवेदनशीलता, गरिमा एवं समावेशी दृष्टिकोण के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर अमिता कनौजिया ने विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए कहा कि हमें प्रत्येक व्यक्ति के साथ हर स्तर और हर स्थान पर समानता एवं सम्मान का व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने संवेदनशील और समावेशी समाज के निर्माण में



पारस्परिक सम्मान के महत्व पर बल दिया।विशिष्ट अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर प्रकाश चंद्र ने कहा कि हमें जेंडर सेंसिटिव बनने तथा जेंडर बायस को समाप्त करने की आवश्यकता है। इसके लिए केवल सोच में ही नहीं बल्कि संस्थागत ढांचे एवं आधारभूत संरचनाओं में भी परिवर्तन आवश्यक हैं। उन्होंने मिशन शक्ति के विभिन्न चरणों के अंतर्गत जेंडर सेंसिटिविटी के स्तर पर महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं और आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी इन मूल्यों को अपने घरों तथा भविष्य के जीवन में भी आगे बढ़ाएंगे। संचालन वाणी शुक्ला द्वारा किया गया। स्वयंसेवकों अग्रिमा व अमो. लिका प्रमुख रूप से शामिल रहे, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

साथ ही कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में द्दशक्ति दूतह्न नियुक्त किए जाने की पहल की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि छात्राओं में से समर्पित स्वयंसेविकाओं को शक्ति दूत के रूप में नामित किया जाएगा, जो विद्यार्थियों एवं विश्व. विद्यालय प्रशासन/स्थानीय सुरक्षा तंत्र के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करेंगी। छात्राओं को उपलब्ध कानूनी सहायता एवं 24*7 महिला हेल्पलाइन 1090 के संबंध में भी जागरूक करेंगी तथा गोपनीयता एवं संवेदनशीलता बनाए रखेंगी।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसान पर जानलेवा हमले में पांच साल की सजा

## कोर्ट ने 22 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जानलेवा हमला करने के मामले में कोर्ट ने दोषी को पांच साल कैद की सजा सुनाई तथा 22 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। मुकदमे में दोषी जमानत पर था।

वारदात थाना आदमपुर से जुड़ी थी। क्षेत्र के गांव इमरतपुर में किसान राकेश का परिवार रहता है। उनके चचेरे भाई बलवीर की गांव के ही सत्यवीर से रंजिश चल रही थी। तीन अक्तूबर 2022 की सुबह करीब सात बजे सत्यवीर, बलवीर के घर के सामने खड़ा होकर गाली-गलौज कर रहा था। बलवीर ने जब विरोध किया तो आरोपी ने फावड़े से हमला कर लहूलुहान कर दिया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कराकर बचाया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सत्यवीर के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपी को कड़ी सजा देने की पैरवी की। शुक्रवार को कोर्ट ने मामले में आखिरी सुनवाई करते हुए सत्यवीर को दोषी करार दिया। पांच साल कैद की सजा सुनाई तथा 22 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# साथी से अभद्रता पर भड़के लेखपाल

## कार्रवाई न होने पर जताया आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने थाना पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। लेखपाल संघ का कहना है कि लेखपाल साथी वीरेंद्र सैनी के साथ अभद्रता और जान से मारने की धमकी दिए जाने के बावजूद पुलिस ने तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे लेखपालों में नारा. जगी है। लेखपाल संघ के अनुसार वीरेंद्र सैनी एक चक मार्ग से संबंधित प्रार्थना पत्र की जांच के लिए गांव में मौके पर गए थे। आरोप है कि इसी दौरान एक ग्रामीण ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में 13 मई को थाना धनौरा में लिखित तहरीर दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से नाराज लेखपालों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो लेखपाल संघ अग्रिम कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। संगठन के अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी लेखपाल के साथ अभद्रता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# स्कूल में शिक्षक ने हेड मास्टर को धुना

## पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शिक्षा के मंदिर से एक ऐसी शर्मनाक खबर आ रही है। जिसने स्कूल की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। तहसील इलाके के एक प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को क-ख सिखाने वाले शिक्षक ही आपस मे मारपीट पर उतारू हो गये। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने पुलिस में गुहार लगाते हुए सहायक अध्यापक पर मारपीट कर हमले करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़ित हेडमास्टर के मुताबिक, जैसे ही वे स्कूल में पढ़ाने पहुंचे, सह-शिक्षक अचानक उन पर काल बनकर टूट पड़े। ग्राम प्रधान हरिराज और ग्रामीणों के सामने ही हेडमास्टर को बेरहमी से पीटा गया और भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं। आरोपी शिक्षक इतने पर ही नहीं रुका, उसने फोन करके गांव से अपने लोगों को बुलाने और हेडमास्टर को जान से मारने की खुली धमकी दी और मौके से फरार हो गया। इस फिल्मी ड्रामे के पीछे की वजह और भी चौंकाने वाली है। दरअसल, दो दिन पहले ही बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक के स्कूल न आने पर स्पष्टीकरण मांगा था। इसी बात की खुन्नस व गुस्सा उसने सीधे हेडमास्टर पर उतार दिया। फिलहाल, सहमे हुए प्रधानाध्यापक ने थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

# धूमधाम से मनाया भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव

## यज्ञ हवन आयोजित करके किया प्रसाद वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ऊं शनिदेव सेवा दल के तत्वाधान में नगर के बुधबाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान श्री शनिदेव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान हवन में आहुतियां प्रदान कर घर में सुख-समृद्धि की कामना की गई। दोपहर में भंडारा आयोजित करके प्रसाद वितरित हुआ तो वहीं शरबत का वितरण भी किया गया।

जन्मोत्सव पर शनिवार को बुध बाजार के प्राचीन शिव मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर सबसे पहले भगवान शिव के भक्तों ने हवन किया। सामूहिक रूप से हवन में आहुतियां प्रदान कर सुख समृद्धि और भगवान शनिदेव से अपना आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की। इस मौके पर संरक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा स्वामी, महंत महेंद्र स्वामी, नरेन्द्र स्वामी, पंडित योगेश शर्मा, विमल चौधरी, दीपक अग्रवाल, यज्ञ शर्मा, अमन शर्मा, मोी. हत शर्मा, पीयूष भटनागर, मौ0 रिजवान, समीर, सुधाकर अरोड़ा, अतुल गुप्ता, देवेन्द्र दिवाकर, नवीन गर्ग, रेनू, राधिका, आशा आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के बस्ती में श्री सत्य सनातन धर्म सेवा संस्थान पर भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। यहां पर यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर गुरू जी पंडित धर्मेन्द्र शर्मा ने यज्ञ एवं पूजन क्रिया का निर्देशन किया, जबकि काफी संख्या में क्षेत्र से आए श्रद्धालु सम्मिलित रहे।

# युवती को पीटने में तीन पर रिपोर्ट

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में युवती के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी सुनीता पत्नी स्वर्गीय बाबू राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह किसी शादी समारोह में गई हुई थी। शुक्रवार सुबह पड़ोसी अमर सिंह की पुत्री फोन लेकर उसके घर पहुंची और उसकी बेटी विशाखा को फोन दे दिया। इसी बात को लेकर विकास व छोटू पुत्रगण अमर सिंह तथा एक अन्य महिला ने मिलकर उसकी बेटी विशाखा के साथ मारपीट कर दी।पीड़ित सुनीता का आरोप है कि जब उसे घटना की जानकारी हुई और वह मौके पर पहुंची तो आरोपितों ने उसके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव निवासी दो सगे भाइयों और एक अज्ञात महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# घर में घुसकर किसान की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म

## प्रेमी व उसके दोस्त पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान की नाबालिग बेटी को गांव के ही युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। रात में वह अपने साथी को लेकर घर में घुस आया। साथी ने पहरा दिया तो प्रेमी ने दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक किसान द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक गांव के ही रहने वाले साजिद ने उसकी नाबालिग बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। बीती 13 मई की रात को वह घर में घुस आया। उसके साथ में गांव का ही उसका साथी मुरसलीन भी था। मुर. सलीन घर के बाहर पहरा देता रहा जबकि साजिद ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। अगले दिन सुबह में पीड़िता ने मां को पूरा घटनाक्रम बता दिया। किसान ने साजिद के चचेरे भाई से जब इसकी शिकायत की तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। किसान ने थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया मामले में साजिद व मुरसलीन के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों का जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# भीम आर्मी के जिला संयोजक बने विकेश



**गजरौला**। भीम आर्मी भारत एकता मिशन जनपद अमरोहा के जिला संयोजक की जिम्मेदारी नगर के फाजलपुर निवासी विकेश कुमार को मिली है। विकेश कुमार को मिली इस जिम्मेदारी से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। विकेश कुमार ने बताया कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसको वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और जिलें में संगठन को मजबूत करेंगे।

# पूर्व प्रधान को परिवार समेत हत्या की धमकी

## पुरानी रंजिश में धमकाया, दो पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव मूंढा इम्मा में पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी इनामुल हसन का परिवार गांव में रहता है। उनके पुत्र फिरोज खान गांव के पूर्व प्रधान रह चुके हैं। पूर्व प्रधान फिरोज खान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह उनके घर के पास स्थित चौराहे पर पड़ोसी शमूम उर्फ शमीम और गुड्डू ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों युवकों ने घर से बाहर निकलने पर पूर्व प्रधान और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन ने टैम्पू में टक्कर मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। वट अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए टैम्पू में सवार होकर जा रहे कई श्रद्धालु अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए जबकि एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### गंगा स्नान को जा रही एक महिला की मौत

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के गांव चौहानों वाली मिलकर लाकड़ी फाजलपुर निवासी वीर सिंह की पत्नी मुनेश देवी (60) टैम्पू में सवार होकर बीती रात गंगा स्नान के लिए ब्रजघाट जा रही थी। टैम्पू में अन्य श्रद्धालु भी बैठे थे। जब टैम्पू जुबिलेंट फैक्ट्री के सामने पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में टैम्पू क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार मुनेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य श्रद्धालु भी घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# मां की डांट से नाराज किशोर ने छोड़ा घर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के मौहल्ला फाजलपुर निवासी एक 17 वर्षीय किशोर माँ की डांट से क्षुब्ध होकर घर से बिना बताये कहीं चला गया। पिता मनवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर पुत्र ललित की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसकी तलाश कराने की मांग की है। परिजन पुत्र के जाने से काफी परेशान हैं।

# बीएसडी एकेडमी के चार छात्रों का सोनीपत में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर की बीएसडी अकैडमी के चार होनहार खिलाड़ियों का चयन देश के प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स स्कूल राई, सोनीपत के लिए हुआ है। चयन की खबर मिलते ही अकादमी में खुशी का माहौल बन गया। स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत की नॉन हरियाणा श्रेणी की जारी वेटिंग लिस्ट में कुल छह बच्चों को स्थान मिला है, जिनमें चार छात्र अकेले बीएसडी अकैडमी धनौरा के हैं। चयनित छात्रों में सिद्धार्थ, अक्षत, ध्रुव यादव और निहाल शामिल हैं। छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और अभिभावकों में उत्साह है। चयनित खिलाड़ियों का अकादमी पहुंचने पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। अकादमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल एवं निर्देशिका सुशीला देवी ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक नितिन धारीवाल ने कहा कि बच्चों की मेहनत, अनुशासन और कोचिंग का परिणाम आज सामने आया है। खेल के क्षेत्र में भी धनोरा के बच्चे लगातार अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। निर्देशिका सुशीला देवी ने कहा कि अकादमी का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। छात्रों की सफलता से अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# खेत से ट्रैक्टर निकालने को मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सिरसा मोहन में खेत में ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से भी छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि बाईपास हाईवे निर्माण के लिए एनएचएआई द्वारा भूमि अधिग्रहण किया गया था। आरोप है कि रोड किनारे सर्विस रोड से खेतों तक जाने वाले रास्ते की भूमि पर देवराज और उसके भाई संतरपाल ने कब्जा कर रखा है।मनोज चीमा ने बताया कि 9 मई की शाम भाई विनोद ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर निक. ालने को लेकर देवराज और संतरपाल ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोप है कि देवराज ने अपने भाई संतरपाल, शुभम, अमरजीत, छविकांत और विकास के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस ने मनोज चीमा की तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# जर्जर सड़कों की जल्द बदलेगी तस्वीर

## महबूब अली ने डूडा को भेजा छह करोड़ का प्रस्ताव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों के निर्माण को लेकर बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) को करीब छह करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा है।

प्रेस को जारी पत्र में श्री अली ने बताया कि शहर और आसपास की कई सड़कें लंबे समय से खराब हालत में हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जनता लगातार सड़कों के निर्माण और मरम्मत की मांग कर रही थी। विधायक महबूब अली ने जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार कराया। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद क्षेत्रवासियों, किसानों और राहगीरों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

# कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मदरसे में पढ़ने वाले दस वर्षीय छात्र के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम देने वाले दूसरे छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया।

बता दें कि नगर के मौहल्ला सुल्ताननगर में स्थित एक मदरसे में एक दस वर्षीय बालक को बहला फुसलाकर एक दूसरी कक्षा का छात्र छत पर ले गया और कुकर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बालक ने पिता को अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया तो पिता ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी मौ0 अलतमस को गिरफ्तार करके चालान किया।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गाँव अहरौला माफी निवासी दशरथ कुमार ने अपनी पुत्री दीपिका देवी की शादी 07/12/2021 को गजरौला के मुहल्ला विजयनगर निवासी सौरभ पुत्र बलवीर सिंह से की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने दीपिका को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई बार मारपीट करके घर से भी निकाल दिया और माफी मांगकर मायके से विदा करा लाये। लेकिन इस बार

### तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज

फिर से पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने दीपिका को दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए मारपीट करके घर से निकाल दिया। इस समय दीपिका 02 वर्षीय पुत्री की माँ है और अभी भी गर्भवती है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस ने पति सौरभ समेत देवर राहुल, सास सरदारी ,रिंकी, पिंकी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा करेगा महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का धरना 147 वें दिन भी एनएच-9 के किनारे, नाईपुरा शाहबाजपुर डोर गांव में जारी रहा। धरने पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गजरौला क्षेत्र का किसान 147 दिनों से धरना देकर शुद्ध पेयजल की मांग कर रहा है। उन्होंने 24 मई 2026 को फैक्ट्री के सामने एक महापंचायत बुलाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पद पर इकबाल सैफी को मनोनीत किया गया। इस मौके पर अमरजीत देवल, चंद्रपाल सिंह, होमपाल सिंह, गंगाराम सिंह, इसरार शेख, साबिर अली ठेकेदार, तेजपाल सिंह, डॉ. मूलचंद्र, सभासद चरण सिंह, अख्तर सैफी, अनस अख्तर, मास्टर सुरेश, अजय पाल, गंगाराम सिंह आदि मौजूद रहे।



# दोषी अधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज हो



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। समाजवादी पार्टी ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ करवाई की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा। उनका आरोप है कि नौगांवा सादात के गांव पंजू सराय निवासी अशोक व विपिन पुत्र गंगाराम प्रजा. पति के परिवार को अधिकारियों एवं पुलिस द्वारा प्रताड़ित कर उनके मकान पर कब्जे का प्रयास किया गया। प्रशासनिक दबाव व अमानवीय व्यवहार से पीड़ित इतना आहत हुआ कि उसने आत्मघाती कदम उठा लिया और सरकारी तंत्र खड़ा देखता रहा, जिस कारण वह दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। यह घटना प्रशासनिक तंत्र की संवे. दनशीलता व भ्रष्टाचार को उजागर करती है। उन्होंने मांग की पीड़ित परिवार को न्याय मिले। जबकि दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष नवनीत कुमार गोला, साजिद अली, दिनेश,मोहम्मद हारिस, अब्दुल, कविंद्र, देवराज प्रजापति,मोहम्मद सलमान,कमल आदि मौजूद रहे।

# कैंटर से डीजल व बैटरी चोरी

## पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ठेकेदार के प्लाट में खड़े ट्रैक्टर ट्रालियों में से चोरों ने तेल, बैटरी और हिच आदि खोल कर चोरी कर लिया। जाग होने पर चोर केंटर में सामान रखकर फरार हो गए। ठेकेदार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए घटना में शामिल आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार नगर की एमडीए कालोनी निवासी हरेंद्र सिंह भूसी सप्लाई के ठेकेदार हैं। इनका एक प्लाट तिगरी मार्ग पर शाहपुर में प्लाट है, जहाँ पर कार्य में लगे ट्रैक्टर ट्रालियां खड़े होते हैं। बीती रात यहाँ पर ड्राइवर रफीक सो रहा था। यहाँ पर कुछ चोर केंटर लेकर पहुंचे और ट्रैक्टरों का तेल, बैटरी और हिच आदि खोल लिए। शोर सुनकर रफीक की आंख खुली तो चोर सामान को केंटर में रखकर फरार हो गए। ठेकेदार ने की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू की और कुछ ही समय में घटना में प्रयुक्त किया गया कैंटर और घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम हासिम पुत्र उमर मौहम्मद निवासी ग्राम मौहरका पटटी है। उसकी निशानद. ेही पर घटना में प्रयुक्त कैन्टर और चोरी किया गया माल बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सतवीर सिंह समेत प्रियांक कुमार, अनुज कुमार, मुनीम सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

# सम्राट प्रथ्वीराज चौहान की जयंती पर निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राजपूत समाज की ओर से सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान नगर में एक रैली भी निकाली गई।

### उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प

मुख्य अतिथि ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान भारत वर्ष के महान सम्राट थे, वो शब्दभेदी बाण चलाने में निपुण थे। उन्होंने विदेशी आक्रमण कारियों को युद्धभूमि में अनेकों बार परास्त किया। पूर्व विधायक संगीता चौहान ने कहा कि आज के युवाओं को सम्राट पृथ्वीराज चौहान का अनुसरण करना चाहिए, और देश के लिए सबकुछ बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। रैली के आयोजन सभासद जोन चौहान, जगतपाल सिंह, जीपी सिंह चौहान, ठाकुर पूरन सिंह, बंटी



चौहान, देवेश चौहान, राहुल प्रधान, निगम बजरंगी, सतीश प्रधान, सोनू प्रधान, राजीव राणा, विक्रांत, शशि चौहान, प्रमोद चौहान, टेकचंद, धनपत प्रधान, नरेंद्र चौहान, महेंद्र ठेकेदार, वीर सिंह भगत, सोमपाल चौहान, गौरव ठाकुर, पंकज चौहान, गौरव, कुलदीप चौहान, गुरजीत चौहान, मनोज चौहान, सुरेंद्र चौहान, रानी चौहान आदि मौजूद रहे। रैली में डीजे पर सम्राट पृथ्वीराज के जीवन से जुड़े गीत बजते रहे। वहीं कई स्थानों पर रैली का पुष्पवर्षा करके स्वागत भी किया गया। नगर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ0रविभूषण शर्मा के नेतृत्व में भी पुष्पवर्षा की गई। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल मुस्तैद रहा।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा बट सावित्री व्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** क्षेत्र में शनिवार को बट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहा. गिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, परिवार की सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।



सुबह से ही मंदिरों और बरगद के पेड़ों के पास महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने पूजा की थालियों में फल, फूल, मिठाई, भीगा चना एवं अन्य पूजन सामग्री सजाकर बट वृक्ष की पूजा की।

महिलाओं ने बरगद के पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की तथा सत्यवान-सावित्री की कथा सुनकर व्रत की महिमा का श्रवण किया।

पूरे क्षेत्र में बट सावित्री पूजा को लेकर धार्मिक वातावरण बना रहा। महिलाओं ने पूजा संपन्न होने के बाद व्रत खोला। धार्मिक मान्यता के अनुसार बट सावित्री व्रत अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और दृढ़ संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। इसी आस्था के चलते विवाहित महिलाएं यह व्रत श्रद्धा और विश्वास के साथ रखती हैं।

बरगद के पेड़ों के पास दिनभर पूजा-अर्चना और महिलाओं की चहल-पहल से विशेष रौनक दिखाई दी।

# हाईवे किनारे मिला छात्रा का शव

- गला दबाकर हत्या की आशंका
- स्कूल यूनिपफार्म पहने छात्रा की नहीं हो पाई शिनाख्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में छात्रा का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस गला दबाकर हत्या की आशंक जता रही है, स्कूल यूनिफार्म पहने छात्रा की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। एसएसपी अनुराग आर्य ने भी मौके पर जाकर जायजा लिया।

शनिवार सुबह सीबीगंज थाना इलाके में हाईवे किनारे खेत पर एक लड़की का शव लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। देखने में छात्रा की उम्र करीब 18 वर्ष लग रही थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस समेत फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि खेत में लड़की का शव मिला था। देखने से लग रहा है कि लड़की की गला दबाकर हत्या की गई है। शरीर पर कई जगह चोटों के निशान भी मिले।



उन्होंने बताया कि आसपास के थानों से किसी लड़की की गुमशुदगी की जानकारी ली जा रही है। ताकि जल्द से जल्द शव की शिनाख्त की जा सके। उन्होंने बताया कि लड़की स्कूल यूनिफार्म पहनी थी। लिहाजा आसपास के स्कूलों से भी जानकारी हासिल की जा रही है। घटना के अनावरण के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल खबर लिखे जाने तक छात्रा की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

## एक नजर

### डीएम का बड़ा एक्शन आय प्रमाण पत्र में गड़बड़ी पर लेखपाल निलंबित

**शाह टइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में धनेली गांव के एक ग्रामीण ने गांव के ही एक व्यक्ति के दो आय प्रमाण पत्र जारी किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीण का आरोप था कि लेखपाल ने करीब तीन माह पूर्व एक आय प्रमाण पत्र जारी किया था, लेकिन कुछ दिनों बाद उसी व्यक्ति का दूसरा आय प्रमाण पत्र भी बनवा दिया गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एसडीएम निधि शुक्ला को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।एसडीएम निधि शुक्ला द्वारा जांच किए जाने के बाद धनेली गांव के अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे लेखपाल संजय कुमार को निलंबित कर दिया गया। तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने बताया कि आय प्रमाण पत्र जारी करने में पाई गई विसंगतियों के कारण यह कार्रवाई की गई है।बताया गया कि संजय कुमार पल्था क्षेत्र के लेखपाल हैं और उनके पास धनेली गांव का अतिरिक्त चार्ज भी था। प्रशासन की इस कार्रवाई से तहसील क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

### युवती ने पंखे से लटककर कर ली जीवन लीला समाप्त

**शाह टइम्स संवाददाता**

अपने ही घर में प्रेमी के साथ पकड़ी गई थी युवती

**शीशगढ़।** माता पिता की गैरमौजूदगी में प्रेमी के साथ घर में पकड़ी गईं युवती ने आत्मग्लानि में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की 18 वर्षीय बेटी ने माता पिता की गैर मौजूदगी में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित रवि पुत्र सेवाराम के खिलाफ आत्महत्या को मजबूर करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता ने पुलिस को वताया कि वह शुक्रवार शाम को अपनी पत्नी के साथ वहन की ससुराल गया था। घर में जबान बेटी अकेली थी कि रात्रि लगभग 10 बजे मेरे भाई ने आरोपित को घर से भागते हुए देखा था। तब घर में जाकर देखा तो बेटी पंखे से लटकी हुई थी। जिसको भाई ने ग्रामीणो की मदद से पंखे से उतारा। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के अनुसार आरोपित युवक के युवती से प्रेम संबंध थे, जिसे रात्रि में युवती के घर से स्वजनों ने पकड़ लिया था। युवक के पकड़े जाने पर युवती ने आत्म ग्लानि में आत्महत्या की है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रेम प्रसंग का मामला है। आरोपित युवक को रात में स्वजनों ने युवती के घर से पकड़ा था। इसीलिए बदनामी के डर से युवती ने आत्महत्या की है, आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### नदी में डूबने से 10 वर्षीय बालक की हुई मौत

**शाह टइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के मोहल्ला लोधीनगर निवासी 10 वर्षीय बालक की नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला लोधीनगर निवासी सोनू और निगम पुत्र भूपराम मौर्य अपनी मां गीता के साथ खेत पर गए थे। खेत के पास बह रही दिजोड़ा नदी में दोनों भाई नहाने लगे। नहाते समय अचानक निगम गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके भाई सोनू ने बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी डूबने लगा। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह सोनू को बाहर निकाल लिया, लेकिन निगम पानी के भंवर में फंस गया। काफी तलाश के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद उसका शव नदी से बाहर निकाला जा सका। मृतक निगम चार भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर का था। मृतक के पिता परसाखेड़ा में मजदूरी का कार्य करते हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ग्रीन सिटी में फंदे पर लटका मिला चौकीदार का शव

**शाह टइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र की सांई ग्रीन सिटी कॉलोनी में शुक्रवार को चौकीदार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय कन्हई लाल पुत्र दयाराम निवासी गांव चुरई दलपतपुर, थाना मीरगंज के रूप में हुई है। वह दो भाइयों में दूसरे नंबर पर थे और पिछले करीब आठ-नौ वर्षों से सांई ग्रीन सिटी कॉलोनी में चौकीदार के रूप में कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार, कन्हई लाल का शव ग्रीन सिटी स्थित कमरे में टीन शेड के अंदर लगे लोहे के पाइप पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। पड़ोसी रमाशंकर पांडेय ने बताया कि ग्रीन सिटी के मालिक शिवराज ने शुक्रवार शाम करीब 8:30 बजे घटना की सूचना दी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने कन्हई लाल को कमरे के अंदर फंदे से लटका देखा। घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले 112 पीआरवी मौके पर पहुंची। इसके बाद इंस्पेक्टर वरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी मीरगंज अजय कुमार तथा चौकी प्रभारी पंकज कुमार गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर मृतक के भतीजे विनोद कुमार एवं बड़े भाई बेचे लाल भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा डीवीआर को भी कब्जे में ले लिया गया है। स्थानीय लोगों में सुबह किसी व्यक्ति से विवाद होने की चर्चा भी रही, हालांकि पुलिस अभी हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है। इंस्पेक्टर वरुण कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। हालांकि, पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी रखे हुए है।

# नो व्हीकल डे पर ई-बस से मीरगंज पहुंचे डीएम


- समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

**शाह टइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की पहल को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह नो व्हीकल डे के तहत बरेली से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ इलेक्ट्रॉनिक बस में बैठकर मीरगंज तहसील पहुंचे और संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने देशहित में ईंधन बचाने की अपील की है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने शनिवार और सोमवार को नो व्हीकल डे मनाने की पहल की है, ताकि अधिकारी सरकारी वाहनों के बजाय साइकिल अथवा इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का उपयोग कर ईंधन की बचत में योगदान दें।वर्षा





ऋतु को देखते हुए डीएम ने अधिकारियों को जलभराव वाले गांवों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई अभियान चलाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नालों की तलीझाड़ सफाई कराने को कहा, जिससे वाटर लॉगिंग की समस्या उत्पन्न न हो। संपूर्ण समाधान दिवस में मीरगंज तहसील क्षेत्र में स्वगणना अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 57 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से छह का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।हल्दी खुर्द के एक ग्रामीण ने गाटा संख्या में संशोधन कर सही नाम दर्ज कराने की मांग की, जिस पर डीएम ने तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं हल्दी कलां में सीसी रोड निर्माण तथा गोरा लोकनाथपुर के प्रधान धर्मेंद्र सिंह द्वारा अनुसूचित जाति की महिलाओं की जमीन खरीदकर नामांतरण कराने और बिक्री के प्रयास की शिकायत भी की गई।समाधान दिवस में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, डीडीओ दिनेश कुमार, पीडी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, एसडीएम निधि शुक्ला, सीओ अजय कुमार, तहस. ीलदार आशीष कुमार सिंह एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### श्री सिद्ध बाबा मणि पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** क्षेत्र के हरैया स्थित श्री सिद्ध बाबा मणि पर शनिवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रीमद्भागवत कथा के समापन के अवसर पर हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, यह भंडारा हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजित किया गया था। इसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सभी ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, भूप राम, हरेंद्र पटेल उर्फ सोनू, राम बहादुर, ईश्वर दयाल, सोमपाल गंगवार, मुक. श कुमार, अरविंद कुमार सहित कई ग्रामवासी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# बरेली में शनि स्थापना के बाद पहली बार मची गजब की धूम



- श्यामगंज के सर्वदेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ भव्य हवन और महाअभिषेक

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बरेली।** श्यामगंज स्थित श्री शिरडी साई-खाटूश्याम सर्वदेव मंदिर परिसर में शनिदेव की स्थापना के बाद यह पहली शनि जयंती है। आज दिनांक 16 मई शनिवार 2026 को इस खास उपलक्ष्य पर मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। पावन अवसर पर शनिदेव का विशेष शृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया।

वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा दरबार

शनि जयंती के पावन मौके पर मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक और आचार्य महेश चन्द शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। इस दौरान मुख्य यजमान दक्ष शर्मा पाराशरी और सहयजमान साक्षी-संजय आयलानी, अंकुर गुप्ता व सोमनाथ गुप्ता ने विधि-विधान से शनिदेव का पूजन, हवन और महाअभिषेक किया। मध्याह्न आरती के बाद पूरा परिसर शनिदेव के जयकारों से गूंज उठा। दक्ष शर्मा की ओर से विशाल भंडारा डाक्टर अरुण कुमार माननीय बन एव पर्यावरण मंत्री जी ईरिक्शा से आए शनिदेव के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया मध्याह्न की भव्य आरती संपन्न होने के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

यह भंडारा मुख्य यजमान दक्ष शर्मा पाराशरी की तरफ से आयोजित हुआ। दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ प्रसाद वितरण शनिदेव की इच्छा तक अनवरत चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।पंकज राजपूत ने काटा 11 किलो का मावा केक शनि जयंती के इस उत्सव में शाम के समय एक अनोखा नजारा देखने को मिला। भक्त पंकज राजपूत की ओर से शनिदेव के जन्मोत्सव पर 11 किलो का विशेष मावा केक लाया गया। शाम की आरती के बाद केक काटकर बेहद अनूठे और भव्य अंदाज में शनिदेव का जन्मदिन मनाया गया, जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा।सेवादारों ने संभाली व्यवस्थाएं

इस पूरे धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे को सफल बनाने में स्थानीय भक्तों और सेवादारों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के दौरान संजय आयलानी, सौरभ अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, सुभाष पाल, नीरू कक्कड़, सुभाष अरोरा और अनुपम टीबड़ेबाल ,इन्द्रदेव त्रिवेदी बिसाल शर्मा, रामबहादुर प्रजापति , इन्द्रेश, महेन्द्र कातिब, गुरमंगत, पत्रकारों सहित भारी संख्या में श्रद्धालु व्यवस्थाएं संभालते और शनिदेव की भक्ति में लीन नजर आए।

# सड़क निर्माण शुरू न होने से गड्ढों में ठोकरें खा रहे है ग्रामीण

- 41 लाख रुपये स्वीकृति होने के बाद भी शुरू नहीं हो सका शीशगढ़ के मुख्य मार्ग का निर्माण



**शाह टइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** जर्जर मुख्य सड़क के निर्माण के लिए शासन द्वारा 41 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृति होने एवं ठेकेदार को टेंडर हो जाने के दो माह बाद भी सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। सड़क पर गहरे गड्ढे रास्ता निकलने में बाधक हो रहे है और किसी बड़ी दुर्घटना की तरफ इशारा कर रहे है। चेयरमैन नीलोफर ने प्रमुख

सचिव लोकनिर्माण विभाग की ओर भेजकर सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे के बरेली बस अड्डे से लेकर बिलासपुर बस अड्डा स्वागत द्वार तक करीब डेढ़ किमी जर्जर सड़क के निर्माण हेतु शासन स्तर से 41 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत होने एवं निर्माण हेतु ठेकेदार को ठेका दे दिए जाने के दो माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू न हो पाने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। ग्रामीणों को चिंता सता रही है कि यदि वर्षा से पूर्व सड़क निर्माण नहीं हुआ तो सड़क मार्ग बंद हो जाने का खतरा मंडराने लगा है। शीशगढ़ से बिलासपुर, रुद्रपुर, नैनीताल, भीमताल आदि पर्यटन स्थल तक पहुंचने के लिए एक मात्र सड़क है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे पर्यटकों के लिए खतरा बनते जा रहे है। सड़क के हालात इतने अधिक खराब हो गए है कि पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है।

### ठेकेदार की लापरवाही ग्रामीणों पर पढ़ रही है भारी

सड़क निर्माणचने ठेकेदार की लापरवाही ग्रामीणों को भरी पढ़ रही है टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के दो माह बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य शुरू न होना ठेकेदार की लापरवाही का परिणाम है। पहले ठेकेदार ने मेरिग महंगा होने का रोना रोया लेकिन अब तो निर्माण कराने से हाथ खड़े कर लिए फिर भी विभागीय कर्मचारी इस ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने से कतरा रहे है। अभी तक ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होना विभागीय कर्मचारियों और ठेकेदार की मिलीभगत का साफ इशारा कर रहा है।

हमने पैरवी करके सड़क निर्माण के लिए शासन स्तर से धनराशि स्वीकृत कराई थी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के दो माह बीत जाने के बाद भी निर्माण न होना जनता के साथ धोखा है। अब अगले माह बारिश का मौसम शुरू होने बाला है, जिससे परेशानी और बढ़ेगी रास्ता निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। हमने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर सड़क का निर्माण अविलंब शुरू कराने की मांग की है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

**नीलोफर**
**चेयरमैननगर पंचायत शीशगढ़**

टेंडर हो चुका है ठेकेदार की लापरवाही से सड़क निर्माण शुरू नहीं हो सका है। हम ठेकेदार को नोटिस भेज रहे है। हमारा प्रयास है कि वर्षा से पूर्व सड़क निर्माण करा दिया जाए।

**विवेक त्रिवेदी**
**अवर अभियंता, लोक निर्माण विभाग बरेली**

### 30 लाख का प्लॉट 50 हजार का दिखाकर धोखे से करा लिया बैनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



पुलिस और सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**नवाबगंज।** मामला कस्बे की बस्ती आदर्श नगर का है। बस्ती के माखनलाल का एक 250 वर्ग गज का प्लॉट ग्राम सिजौलिया के गाटा संख्या 626 में है। माखनलाल के मुताबिक मौजूदा समय में उक्त प्लॉट की कीमत करीब 30 लाख रुपये है।

आरोप है कि ग्राम सिजौलिया के तीन लोग उसे घर से ले आए, और उसे खूब शराब पिलाई और फिर धोखे से उसके प्लॉट का बैनामा करा लिया। 15 मई को धोखे से कराए गए बैनामे में उसकी कीमत मात्र 50 हजार दर्शाई गई है। आरोप है कि उसे बैनामे में दर्शाई गई धनराशि में से कोई भी पैसा नहीं मिल पाया है।

पीड़ित माखनलाल के मुताबिक सब रजिस्ट्रार कर्मियों द्वारा उसके विना पेन कार्ड के ही बैनामा कर दिया गया, उसने सब रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मियों पर भी इस मामले में मिली भगत का आरोप लगाते हुए पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है। उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

# नाला खोदे जाने से भरभरा कर गिरी दुकान, भारी हंगामा, लगा जाम, पहुंची पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के याकूबपुर रोड पर शनिवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। एक सप्ताह से खुदे पड़े नाला से एक दुकान भरभरा कर ढह गई। दुकान के ढह जाने से वहां लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर हंगामा किया, जिससे वहां जाम लग गया। सूचना मिलते ही स्थल पर नायब तहसीलदार और कार्यवाहक कोतवाल पुलिस बल के साथ पहुंच गए।

बताया जाता है कि पिछले एक सप्ताह से नगर पालिका परिषद याकू. बपुर रोड किनारे शब्बीर अहमद की दुकान से गेंदन लाल के मकान तक नाले का निर्माण बरेली की श्री राधा वल्लभ कंस्ट्रक्शन फर्म करा रही है। फर्म ने अपना पेटीदार सूरज वर्मा और शानू गुप्ता को बना रखा है। बताया जाता है कि इन पेटीदारों ने जेसीवी मशीन से काफी गहरा नाला खोदकर छोड़ दिया था। रोड किनारे दुकान चला रहे टिंकू शर्मा ने कई बार इसकी शिकायत नगर पालिका परिषद से की कि खुदे पड़े नाले का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए, लेकिन न तो नगर पालिका प्रशासन ने कोई ध्यान दिया और न ही ठेकेदार ने इस मामले में कोई कार्यवाही की। आज शनिवार को अपराह्न करीब ढाई बजे के करीब एकाएक टिंकू की दुकान भरभरा कर ढह गई, गनीमत यह रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया, बर्ना बड़ा हादसा हो जाता। दुकान के ढह जाने से वहां अफरा तफरी मच गई। स्थल पर नागरिकों की भारी भीड़ लग गई जिससे वहां जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते नायब तहसीलदार शोभित चौधरी और कार्यवाहक कोतवाल राजेश कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए और लोगों ने समझा बुझाकर शांत किया। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे इस नाला निर्माण की लागत साढ़े 19 लाख है, इसकी लम्बाई 205 मीटर और चौड़ाई 2.16 मीटर बताई गई है।

### वन स्टॉप से लेकर आ रहे पुत्री को लेकर दबंग फरार, पिता ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** वन स्टॉप सेन्टर से अपने पिता के साथ आ रही युवती को दबंग लेकर फरार हो गया, पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

क्षेत्र के एक गांव की युवती को उसका पिता कल शुक्रवार को वन स्टॉप सेन्टर से लेकर अपने घर आ रहा था कि जैसे ही वह सेंथल रोड पर रेलवे फाटक के पास पहुंचा तो उसे दूसरे गांव के युवक ने पीछे से आकर उसकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया, जिससे उसे और पुत्री से गुम चोटें आई। जब उसने उसका विरोध किया तो युवक उसके साथ गाली गलौज करने लगा और फिर उसकी पुत्री को बाइक पर बिठाकर फरार हो गया। पीड़ित पिता ने शनिवार को यहां पहुंचकर घटना की तहरीर देकर पुत्री की बरामदगी किए जाने और दबंग के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# भुर्जी समाज के कारीगरों को मिलेगी निशुल्क आधुनिक पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में आधुनिक पॉपकॉर्न मेकिंग मशीनों के वितरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि पॉपकॉर्न बनाने वाले भुर्जी समाज के पारंपरिक कारीगरों सहित इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों को निशुल्क आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि लाभार्थियों का चयन जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जाएगा। योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है।

इच्छुक अभ्यर्थी उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर "टूल किट्स" विकल्प के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, फोटो, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा।

ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने के बाद आवेदन पत्र एवं संबंधित अभिलेखों की हार्ड कॉपी किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 35 यू/4ए रामपुर बाग, बरेली में 29 मई 2026 सायं 5 बजे तक जमा करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के दूरभाष संख्या 0581-2567395 पर संपर्क किया जा सकता है।

### श्रद्धा के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत, मंदिर पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

**शाह टइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार को कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में वट सावित्री व्रत श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर व्रत रखा तथा वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की।कस्बे के प्रसिद्ध लंगड़े बाबा मढ़ी मंदिर पर सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ जुटी रही।महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा कर वट वृक्ष की परिक्रमा की और कच्चा सूत बांधकर सुख-समृद्धि की कामना की।

### बैंड बजाकर घर लौट रहे युवक को दबंगों ने बुरी तरह पीटा, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जनपद पीलीभीत के ग्राम ललौरीखेड़ा से बैंड बजाकर अपने घर ग्राम रिछोला किफायतुल्ला लौट रहे युवक को कस्बे के बाईपास रोड पर केनरा बैंक के पास दबंगों ने घेर लिया और जमकर उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

ग्राम के इरफान का पुत्र फैजान चांद बैंड में बैंड बजाने का कार्य करता है। 13/14 मई की मांग वह जपपद पीलीभीत के ग्राम ललौरीखेड़ा में बैंड बजाकर अपने घर लौट रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह रात करीब 2.30 बजे कस्बे के बाईपास रोड स्थित केनरा बैंक के पास पहुंचा तो वाल्मीकि बस्ती के कुछ दबंग युवकों ने उसे रोक लिया, और फिर उसकी जमकर पिटाई कर डाली। किसी युवक ने उसके घर जाकर इसकी सूचना दी तब स्थल पर पहुंचे उसके परिजनों ने एंबुलेंस को फोन कर बुलाया और फिर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट घायल युवक के पिता की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई है। पुलिस दबंगों की तलाश में जुटी है।

# सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सूचना आयुक्त ने दिए दिशा-निर्देश

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो



**रामपुर।** शनिवार को राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने संत शिरोमणी सर्किट हाउस सभागार में विभिन्न विभागों के जनसूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।उन्होंने कहा कि आवेदकों द्वारा मांगी गई सूचनाएं निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नागरिकों को दिए गए अधिकारों का पूर्ण अनुपालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम का गहन अध्ययन करें तथा सूचना का अधिकार को भी आनलाइन कर दिया गया है।

राज्य सूचना आयुक्त ने निर्देश दिए कि यदि कोई सूचना आवेदन संबंधित कार्यालय से सम्बन्धित न हो तो उसे समय रहते संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाए, ताकि आवेदक को समय पर सूचना प्राप्त हो सके।

उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों के सूचना पट्ट पर जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। साथ ही जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी ग्राम सभाओं के मिनी सचिवालयों के दीवार/बोर्डों पर भी जन सूचना अधिकारी का विवरण अंकित कराया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित आरटीआई आवेदनों, उनके समयबद्ध निस्तारण एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों तथा सूचना उपलब्ध कराते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आरटीआई का मुख्य उद्देश्य शासन के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन को मजबूत करना है। इसलिए विभागों में प्राप्त होने वाले आरटीआई आवेदनों का नियमानुसार, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. दीपा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थूलाल, जिला विकास अधिकारी हरीश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजली अग्रवाल तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित विभिन्न विभागों के जन सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में पंजीकरण की तिथि बढ़ी, 25 मई तक करें आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत कोचिंग का संचालन राजकीय रजा इण्टर कॉलेज रामपुर में किया जा रहा है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु सिविल सेवा परीक्षा, नीट यूजी तथा वन डे एग्जाम की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया जनपद में जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी विकास भवन रामपुर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के कमरा नं. 13 में प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक अपना आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को पासपोर्ट साइज फोटो एवं शैक्षणिक अभिलेखों जैसे हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तथा स्नातक की अंकतालिकाओं की छायाप्रति साथ लानी होगी। उन्होंने बताया कि यह योजना पूर्णत: नि:शुल्क है। योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को नि:शुल्क कोचिंग के साथ-साथ पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में पंजीकरण की अंतिम तिथि पूर्व में 20 मई 2026 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 25 मई 2026 कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 मई 2026 तक आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# चुनावी भाषण मामले में मोहम्मद आज़म खान दोषी करार

## एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो



मोहम्मद आज़म खान
पूर्व केबिनेट मंत्री उ.प्र.

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ।ंउ ज्ञींद को वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए विवादित भाषण के मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत के इस फैसले के बाद जिले की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है और राजनीतिक दलों के बीच इस मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार यह मामला वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भोट क्षेत्र में आयोजित एक चुनावी जनसभा से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि सभा को संबोधित करते हुए आजम खान ने प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर विवादित और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। भाषण के दौरान उन्होंने समर्थकों से "कलेक्टर-पलेक्टर से मत डरियो" कहते हुए अधिकारियों को "तनखइया" बताया था। इतना ही नहीं, उन्होंने चुनाव समाप्त होने के बाद अधिकारियों से जूते साफ करवाने जैसी टिप्पणी भी की थी। उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था, जिसके बाद मामला राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तर पर चर्चा का विषय बन गया था। विवाद बढ़ने के बाद थाना भोट में आजम खान के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन, भड़काऊ भाषण देने तथा सरकारी अधिकारियों के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से यह मामला रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। कई तारीखों और सुनवाई के बाद शनिवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

अदालत ने मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आजम खान को दोषी मानते हुए 2 साल की सजा और 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। फैसले के दौरान अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई थी। फैसले की जानकारी सामने आते ही समर्थकों और विरोधियों के बीच चर्चा तेज हो गई। बताया जा रहा है कि वर्तमान में आजम खान रामपुर जेल में बंद हैं। उनके बेटे ।इकनससी ।ंउ ज्ञींद भी जेल में निरुद्ध हैं। इससे पहले पिता-पुत्र को दो पैन कार्ड रखने के मामले में अदालत द्वारा दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष की सजा सुनाई जा चुकी है। ऐसे में यह नया फैसला उनके लिए कानूनी मोर्चे पर एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता राकेश मौर्य तथा आकाश सक्सेना के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने अदालत के फैसले को न्यायपूर्ण बताया। उनका कहना है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और अदालत ने तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर निर्णय दिया है। वहीं राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस फैसले का असर आने वाले समय में जिले की राजनीति पर भी देखने को मिल सकता है।

# ईद-उल-जुहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक, नई परंपरा न डालने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता



**मिलक।** ईद-उल-जुहा के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से शनिवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने की। उन्होंने कहा ईद के मौके पर होने वाली जानवरों की कुर्बानी खुले में ना करें, गलियों और नालियों में खून ना वहायें, और अवशेष को खुले में ना फेके उसके लिए पालिका और ग्राम पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा अवशेष को समय से एकत्र कर उसका निस्तारण करें भाई पानी की सप्लाई और सफाई को लेकर भी निर्देशित किया गया इस मौके पर उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने का और नई परंपरा ना डालने का निर्देश दिए।

बैठक में क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार ने कहा सभी अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को कोई भी वाहन चलाने को ना दें उससे दुर्घटना होने पर अभिभावकों पर भी कठोर कार्रवाई होगी वही दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट लगाकर चलें और कोतवाली प्रभारी मनीराम ने कहां की आप सभी लोग आने वाले त्योहार को आपसी सौहार्द से मनाएं भी उन्होंने धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों से त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

इस मौके पर नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक गौरव कुमार, जिला पंचायत सदस्य टेकचंद गंग. वार, प्रधान संघ के अध्यक्ष महिपाल सिंह यादव, साबिर रजा, इकरार हुसैन, मोहम्मद रफी, विशंभर सागर, अमरजीत सिंह माटा, डॉक्टर अकील अहमद, राजू गुप्ता, शांति स्वरूप गंगवार, हाफिज अब्दुल वहीद, हाफिज रियासत हुसैन अंसारी, इकबाल हुसैन, हांजी सईद उर रहमान, सोमपाल गोस्वामी, भूकन लाल राठौर,आसिफ खान आदि थे।

## मनरेगा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुर कला में मनरेगा योजना के तहत बन रही सड़क में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे सड़क जल्द खराब होने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में निम्न गुणवत्ता की ईंट और अन्य सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। कई स्थानों पर सड़क की सतह भी सही तरीके से तैयार नहीं की जा रही। आरोप है कि जिम्मेदार लोग गुणवत्ता पर ध्यान देने के बजाय केवल औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं। मामले को लेकर ग्रामीण तहसील पहुंचे और अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग न हो और गांव को मजबूत व टिकाऊ सड़क मिल सके।

# पुलिस की पाठशाला में एएसपी नें छात्राओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता



**मिलक।** नगर मिलक में स्थित रेशम प्यारी स्कूल में शनिवार को पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने छात्राओं को सुरक्षा, कानून के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के संबंध में महत्वपूर्ण संदेश दिए। एएसपी ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग, यातायात नियमों का पालन, महिला सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, नशे से दूर रहने तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अनुशासित जीवन अपनाने, माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान विद्यालय मे गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। छात्रों ने पुलिस के कार्यों व कानून व्यवस्था से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका अधिकारियों ने जवाब दिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, शुभांक प्रकाश एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट कर किया घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** नगर क्षेत्र के रौरा खुर्द में गुरुवार शाम घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। नगर के मौहल्ला रौरा खुर्द निवासी भूरी देवी पत्नी राजपाल ने कोतवाली तहरीर देते हुए बताया कि 15 मई को शाम करीब 6 बजे राजा उर्फ बाबू पुत्र विपिन, बबीता पत्नी विपिन जोशी, लक्की सक्सेना पुत्र जगदीश सक्सेना और बबीता सक्सेना पत्नी जगदीश उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने भूरी देवी से गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने मना किया तो चारों ने लाठी-डंडों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उनका बेटा अंकित और अमन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए गली में ईंट-पत्थर बरसाने लगे। पीड़िता ने पुलिस से प्रार्थना पत्र को संज्ञान लेकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान, चार वाहन सीज

शाह टाइम्स ब्यूरो




**रामपुर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार से रात्रि 10:30 बजे से शनिवार प्रात: 4:30 बजे तक नवीन मंडी चौकी, थाना गंज क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 2 डम्पर एवं 2 क्लोज्ड बॉडी ट्रक ओवरलोड पाए जाने पर सीज किए गए। साथ ही परिवहन नियमों के उल्लंघन के चलते संबंधित वाहनों पर कुल 2.98 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### नीट पेपर लीक मामले में सख्त कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** नीट परीक्षा के पेपर लीक होने की खबरों पर पूर्व बसपा नेता एवं अधिवक्ता प्रमोद निरंकारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र दिन-रात मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत और विश्वास को तोड़ देती हैं। प्रमोद निरंकारी ने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि जांच में पेपर लीक की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से तैयारी करने वाले छात्रों के साथ न्याय होना चाहिए। साथ ही शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## अवैध प्लाटिंग रोकने की मांग को लेकर किसान यूनियन का प्रदर्शन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव न्ेंद ।सप चैं के नेतृत्व में तहसील सदर में प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी कुमार गौरव को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम बमनपुरी में नान जेडए जमीनों पर हो रही अवैध प्लाटिंग रोकने और बिना मंडी शुल्क के बाहर से लाई जा रही लकड़ी की बिक्री पर कार्रवाई की मांग की गई। उस्मान अली पाशा ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध प्लाटिंग हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक सप्ताह में समाधान न होने पर किसान यूनियन आंदोलन करेगी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू अंबावता ने सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बिलासपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में बिलासपुर तहसील परिसर में एकत्र हुए और किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी अरुण कुमार को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि सहकारी दुकानों और समितियों पर यूरिया खाद की कालाबाजारी हो रही है, जिससे किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। साथ ही पूर्व में हुई बेमौसम बारिश और तूफान से खराब हुई फसलों का पूर्ण मुआवजा दिलाने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली, कॉपी-किताब, ड्रेस, जूते और बैग की अनिवार्यता तथा कमीशनखोरी पर रोक लगाने की मांग की गई।

किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसे बिना वजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों को पूर्व की तरह आधार कार्ड और खतौनी पर खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों का शोषण बंद नहीं हुआ तो किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे।

उप जिलाधिकारी अरुण कुमार ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ राजा, साबिर अली, मोहम्मद अहकाम मिर्जा, सतनाम सिंह, जीत सिंह, जमुना प्रसाद, इमरान खान, अकरम खान, मतलूब हसन, लियाकत खान, कदीर आलम, बलविंदर सिंह, वीरपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, गोपी किशन, बाबू अली सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के सोना नहीं खरीदने के आवाह्न से सर्राफा कारोबारियों में चिंता

शाह टाइम्स ब्यूरो



**रामपुर।** होटल रेडिएंस पार्क में सर्राफा व्यापारियों की संस्था रामपुर ज्वेलर्स समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोना एवं आभूषण न खरीदने के आवाहन पर गहरी चिंता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आवाहन से सर्राफा व्यवसाय बंदी के कगार पर पहुंच सकता है।

बैठक में व्यापारियों ने कहा कि इस फैसले का असर लगभग 800 कारीगरों की रोजी-रोटी पर पड़ेगा। साथ ही ज्वेलर्स की बैंक सीसी लिमिट प्रभावित होगी, बिक्री में गिरावट आएगी और जीएसटी जमा करने की क्षमता भी कम होगी। व्यापारियों ने आशंका जताई कि सेल डाउन होने पर जीएसटी विभाग के उत्पीड़न का सामना भी करना पड़ सकता है। व्यापारियों ने बताया कि सर्राफा कारोबार से करीब 1000 परिवार जुड़े हुए हैं और सोने-चांदी के लगातार बढ़ते दामों के कारण यह व्यवसाय पहले से ही मंदी और अन्य चुनौतियों का सामना कर रहा है। बैठक में सरकार से मांग की गई कि आभूषणों की खरीद को लेकर किया गया आवाहन वापस लिया जाए। व्यापारियों ने कहा कि यदि सरकार चाहे तो गोल्ड बुलियन में निवेश को हतोत्साहित कर सकती है, लेकिन आभूषणों की खरीद पर असर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में सर्राफा व्यवसायी हमेशा सरकार के साथ खड़े रहे हैं। बैठक में तरनजीत ग्रा. ेवर, अभिषेक अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, माणिक रस्तोगी, रोहित अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सनज रस्तोगी, हरप्रीत ग्रा. ेवर, पराग जिंदल, आकाश अग्रवाल, आशीष रस्तोगी, पुलकित रस्तोगी, रचित अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल और जितेंद्र गुप्ता सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में विज्ञापन और समाचार के लिए सम्पर्क करें। कार्यालय निकट जिला कचहरी कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर।

आवश्यकता है
एक पेज बनाने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसे क्वारक एक्सप्रेस या पेजमेकर का ज्ञान हो इच्छुक व्यक्ति कार्यालय पर आकर मिलें
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
सम्पर्क सूत्र
9720093014
7906773314

# अपनादल कमेरावादी का समता सम्मेलन विधायक पलवी पटेल होगी मुख्य अतिथि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** अपना दल कमेरावादी के रविवार को होने वाले समता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया। आयोजन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, जिला अध्यक्ष प्रेमसागर पटेल ने बताया कि 17 को नगर रामलीला मेला मैदान में पार्टी का समता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल व मुख्य अतिथि सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल संबोधित करेंगी। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अलग-अलग टोलियो को बनाकर जनसंपर्क किया जा रहा है, शनिवार को कैंप कार्यालय रामल. ीला रोड बीसलपुर पर हुई बैठक में कार्यक्रम आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम की सफलता हेतु क्षेत्रवार टीमों का गठन व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में शिवकुमार पटेल, प्रमोद पटेल, आजम अली, संजीव गंगवार , प्रमोद पटेल, वीरेंद्र पटेल,हरिओम गंगवार , रामबाबू पटेल, सरिता पटेल,मोहम्मद साबिर उर्फ गुल्लू पहलवान ,रवि प्रकाश यादव , भानु पटेल, साधुराम, देव शर्मा पटेल, रामचंद्र लाल कोरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमसागर पटेल तथा संचालन शिवकुमार पटेल ने किया।

# पुलिस ने उतारे धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर

**■ पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देश पर पुलिस का एक्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकिर्ति माधव के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अभियान के अंतर्गत धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पुलिस ने कार्यवाही की।

जनपद पीलीभीत में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समस्त थाना क्षेत्रों में धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों की व्यापक जांच की गई तथा निर्धारित ध्वनि मानकों



के अनुरूप संचालन सुनिश्चित कराया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद में कुल 183 स्थलों की जांच की गई। जांच के दौरान 61 लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित पाए गए। इनमें से 49 यंत्रों की ध्वनि को तत्काल कम कराकर मानकानुसार कराया गया, जबकि 12 लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों को उतरवाने की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान संबंधित व्यक्तियों को ध्वनि प्रदूषण नियमों के पालन हेतु जागरूक करते हुए भविष्य में निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि आमजन की सुविधा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## एक नजर

### महिलाओं ने मनाया वट सावित्री व्रत पति की दीर्घायु के लिए की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विकास खंड पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सबलपुर खास में गांव की पूर्व दिशा में स्थित देवी स्थान मंदिर पर वट सावित्री व्रत का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की।



सुबह ब्रह्ममुहूर्त में स्नान कर लाल वस्त्र और सोलह शृंगार कर महिलाएं देवी स्थान मंदिर पहुंचीं। हाथों में पूजा की थाली लिए महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। व्रती महिलाओं ने वट वृक्ष की जड़ में दूध मिश्रित जल चढ़ाया। रोली, चावल, हल्दी, कुमकुम और फूल से पूजन के बाद कच्चे सूत से 7, 11 या 21 बार वृक्ष की परिक्रमा की। हर परिक्रमा के साथ पति की दीर्घायु की प्रार्थना की गई स मान्यता है कि सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। इसी कथा के आधार पर महिलाएं यह व्रत रखती हैं। वट सावित्री व्रत सनातन धर्म की महत्वपूर्ण परंपरा है। वटवृक्ष को अचल और दीर्घायु जीवन का प्रतीक माना गया है। इसकी जड़ें, शाखाएं और पत्तियां त्रिदेव – ब्रह्मा, विष्णु और महेश – का स्वरूप मानी जाती हैं। यह व्रत नारी के त्याग, पतिव्रता धर्म और अदम्य साहस का प्रतीक है।

### राज्य मंत्री जितिन प्रसाद आज पीलीभीत और शाहजहांपुर के दौरे पर

**स्मार्टफोन वितरण और विकास योजनाओं का करेंगे लोकार्पण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद रविवार, 17 मई को पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपद के विस्तृत भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे और जनसंवाद कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

### शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए: एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ी। एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में लोगों ने राजस्व, पुलिस, बिजली और भूमि विवाद से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। इनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं को तत्काल राहत प्रदान की।



उपजिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवे. दनशीलता के साथ सुना। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस में तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह, नायब तहसीलदार अमित चौधरी, वन क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार, पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एसडीओ अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### होली चौक, रास्ता और सती मठ की भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास को लेकर मोहल्ला वासियों में आक्रोश

**शाह टइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** मोहल्ला अकवराबाद के लोगों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों को एक सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर सार्वजनिक भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने और उसकी पैमाइश कराने की मांग की है मोहल्ला वासियों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व मोहल्ले के पारंपरिक रास्ते और धार्मिक स्थलों की जमीन पर अवैध निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार मोहल्ला अकवराबाद परगना व तहसील सहसवान के डकार पुख्ता हरदत्तपुर तिराहे से उत्तर की ओर मोहल्ले के भीतर कई सती के मठ बने हुए हैं। इन मठों के ठीक सामने होली चौक की पारंपरिक जगह है जहाँ वर्षो से होली जलाई जाती है इसके ठीक बराबर से एक सार्वजनिक रास्ता भी गुजरता है मोहल्ले वासियों का आरोप है कि मोहल्ले के ही कुछ असामाजिक अवांछित तत्व इस पूरे क्षेत्र सती मठ, होली चौक और रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण करने की फिराक में हैं इससे सार्वजनिक रास्ता और धार्मिक स्थल पूरी तरह अवरुद्ध होने का खतरा पैदा हो गया है शिकायती पत्र के मुताबिक 16 मई 2026 की सुबह करीब 8 बजे कुछ लोगों द्वारा उक्त रास्ता होली चौक व सती मठ की जगह पर नींव खोदने का प्रयास किया गया। इसकी भनक लगते ही मोहल्ले के दर्जनों लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और एकजुट होकर अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया मोहल्ले वासियों के कड़े विरोध के कारण कब्जा करने आए लोगों को पीछे हटना पड़ा, जिससे एक बड़ा विवाद होते-होते बचा मोहल्ले वासियों की मांग है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरन सिंह, राधेश्याम, किशनपाल, हरीराम, राम भरोसे, धनपाल, ओमकार और चन्द्रपाल दानवीर, ऋषि पाल, सुनील, जीवनलाल, हुकमसिंह, मुकेश,राजकुमारभूरे, नेतराम सहित मोहल्ले के अनेक निवासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है। मोहल्ले वासियों की मांग है कि सार्वजनिक स्थल की अविलंब सरकारी पैमाइश नाप-जोख कराई जाए। सार्वजनिक रास्ते, होली चौक और सती के मठों को हमेशा के लिए सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त कराया जाए मोहल्ले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएं फिलहाल, संपूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की अपील की गई है।

### तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्री व दो आंगनबाड़ी सहायिकाओं की सेवाएं समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रभारी जिला कार्यकम अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना कादरचौक के आंगनबाड़ी केन्द्र लभारी प्रथम पर तैनात कार्यकत्री मधु देवी एवं लभारी द्वितीय पर तैनात आंगनबाड़ी सहायिका शकुंतला देवी, बाल विकास परियोजना अम्बियापुर के केन्द्र दीननगर शेखपुर मझारा में तैनात कार्यकत्री सुनीता देवी, केन्द्र गौसमनगर मिर्जापुर सोहरा पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुसुमलता एवं बाल विकास परियोजना इस्लामनगर के केन्द्र चिचौटा पर तैनात सहायिका श्रीमती बबिता गौतम द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन नियमित रूप से न करने, घर पर पोषाहार रखे जाने, केन्द्र पर अनुपस्थित रहने, केन्द्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था न कराने, आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति, स्टॉक रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का रख-रखाव न करने, बच्चों को शालापूर्व शिक्षा का ज्ञान न देने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनान्तर्गत आवेदकों के आवेदन को फीड न करने, पोषण ट्रैकर पर गतिविधियों को समय से फीड न करने, मनमाने ढंग से कार्य करने जैसे विभागीय नियमों एवं शासनादेशों का उल्लंघन किए जाने तथा कार्य में गंभीर लापरवाही पाए जाने के कारण सक्षम अधिकारी द्वारा संबंधित आंगनबाडी कार्यकर्ता की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं निरीक्षण जांच आख्या के आधार पर संबंधित कार्यकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने पर सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया है। विभागीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा शासनादेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करें।

# फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने अधिकारी: सीडीओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी गामिनी सिंगला ने शनिवार को तहसील बदायूं में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनने व उनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा। इस अवसर पर 42 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 13 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।





प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए अधिकारी इसे गंभीरता पूर्वक लें। शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका भी ध्यान रखा जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर ग्राम सभा की भूमि से कब्जा हटवाने, सार्वजनिक मार्ग से कब्जा हटवाने, पैमाइश/ठीकाबंदी के बाद कब्जा दिलवाने, राशन कार्ड से मृत व्यक्ति का नाम हटवाने, स्मार्ट मीटर की जगह पुराना मीटर लगवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 42 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 13 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ भव्य सम्मान

**■ जिले के टॉपर्स को मिलेगा तीन साल तक निशुल्क प्रवेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्बाला देवी रोशन लाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंसश में वर्ष 2026 के ष्प्रतिभा सम्मान समारोहष् का शनिवार को भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए सम्मानित किया गया।



समारोह में बीसलपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 600 से अधिक छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान जिले की टॉप-10 सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

संस्थान की ओर से उन्हें ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह के दौरान संस्थान के प्रबंधक डॉ. रत्नेश गंगवार ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिले की टॉप-10 सूची में आने वाले किसी भी छात्र या छात्रा को संस्थान में अगले तीन वर्षों तक निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

इस घोषणा का अभिभावकों और छात्रों ने तालियों के साथ स्वागत किया। डॉ. गंगवार ने कहा कि आर्थिक स्थिति किसी भी होनहार बच्चे की पढ़ाई में बाधा नहीं बननी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, सही करियर चुनाव और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने छात्रों को निरंतर सीखने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

# ''राष्ट्रीय डेंगू दिवस'' पर हुई गोष्ठी

**■ मुख्य चिकित्साधिकारी ने दिलाई शपथ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर (डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी: जांच करें, सफाई करें और ढ़कें) की थीम के रूप में मनाने हेतु एक गोष्ठी एवं डेंगू शपथ का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आलोक कुमार की अध्यक्षता में आरोग्य सभागार कार्यालय पीलीभीत में किया गया। जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

गोष्ठी का शुभारम्भ करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने डेंगू से बचाव हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संवेदीकृत किया। इस दौरान अधोहस्ताक्षरी ने "हर रविवार मच्छर पर बार-लार्वा पर प्रहार" जैसे अभियान को जन-जन तक पहुचाने अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनमानस को डेंगू से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराये, इस हेतु प्रचार-प्रसार की गतिविधियाँ प्रथमिकता के स्तर पर संचालित की जाए साथ ही अधोहस्ताक्षरी ने यह भी निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र में टीम बनाकर घर-घर भ्रमण कर सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गये कि साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाले उपकेन्द्रों के ग्राम स्तर पर आशा द्वारा घर-घर भ्रमण कर सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही एवं जनमानस को डेंगू से बचाव हेतु जैसे जल-भराव, टूटे-फूटे पात्रों, फ्रिज की ट्रे, कूलर आदि में साप्ताहिक रूप में साफ-सफाई एवं डेंगू जांच एवं उपचार हेतु सभी आवश्यक दवाएं एवं किटे सभी चिकित्सा इकाईयों उपलब्ध हो। इस क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिला मलेरिया अधिकारी से डेंगू के प्रति संवे.



दनसील क्षेत्रों में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही की जानकारी ली एवं उनके लार्वासाइडल स्प्रे, एवं फागिंग के विषय में चर्चा की और कहा कि उनकी टीमें लगातार संवेदनसील क्षेत्रों में निरन्तर निरोधात्मक कार्यवाही करती रहे। डेंगू दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जनता से अपील की गयी कि डेंगू रोग की रोकथाम जनमानस के सक्रिय योगदान से ही सम्भव है।

जनमानस घरों व घरों के आस-पास जल भराव जैसे, टूटे-फूटे पात्रों, फ्रिज की ट्रे, कूलर आदि में साप्ताहिक रूप में साफ-सर्फाइ एवं ज्वर आने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर अपनी जांच करायें समस्त शासकीय चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर डेंगू की जांच एवं लक्षणों के आधार पर उपचार नि:शुल्क उपलब्ध है।

# शनि देव जयंती पर तारकेश्वर गुप्ता के आवास पर विशाल भंडारा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के हाईवे स्थित तारकेश्वर गुप्ता के आवास भगवान श्री शनि देव जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें पूजा अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख समृद्धि और क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। पूजा अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो महिला पुरुषों और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य आयोजक चितरंजन गुप्ता ने बताया की शनि देव जयंती पर हर वर्ष इसी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। इस मौके पर चितरंजन गुप्ता, अंकुर गुप्ता, सौरभ गुप्ता, शुभंकर गुप्ता, रजत गुप्ता, अनिकेश्वर रंजन गुप्ता, किशन पाल यादव, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।





# चोरों ने दो घरों को बनाया अपना निशाना

**■ जेवरात समेत लाखों की संपत्ति हुई चोरी**
**■ पुलिस गश्त पर उठे सवाल, जांच में जुटी पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव/बदायूं।** थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों के हौसले बढते दिखाई दे रहें हैं वहीं लोग अब पुलिस गश्त पर भी सबाल उठाने लगे हैं,ताजा घटना मिली जानकारी के अनुसार,शुक्रवार की बीती रात गांव दुगरैय्या में अज्ञात चोर दो घरों की दीवार में नकब लगाकर घरों में दाखिल हुये और घरों में नगदी और सोने के आभूषणों सहित लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए ।

गांव निवासी निकत पत्नी नत्थू ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात चोर पीछे की दीवार में नकब लगाकर घर में घुसे और करीब 20 हजार रुपये की नकदी तथा सोने के जेवरात चोरी कर अपने साथ ले गए।सुबह जब परिवार जागा तो देखा कि कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला और जिसके बाद घर में कोहराम मच गया।



वहीं दूसरी तरफ चोरों ने पड़ोसी शफी अहमद के घर को भी निशाना बनाया।उनके घर से भी करीब 50 हजार रुपये नकद और सोने के जेवर चोरी कर लिए गए। एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी से पूरे गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पा रही है। लोगों का कहना है कि अगर रात में गश्त होती तो चोर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार नहीं हो पाते।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि करीब कुछ समय पहले थाना क्षेत्र के एक गांव में पंचायत घर में हुई चोरी का मुकदमा तक दर्ज नहीं किया गया, जिससे चोरों के हौसले और बढ़ गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है,देखना अब यह है कि पुलिस घटना का खुलासा कब तक करती है।

# वाहनों से डीजल चोरी कर बेचने वाले दो शातिर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया पुलिस टीम द्वारा सडक किनारे खड़े ट्रकों/भारी वाहनों से डीजल चोरी कर बेचने वाले 2 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त कार एवं चोरी के डीजल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना न्यूरिया पुलिस द्वारा सडक किनारे होटलो, पेट्रोल पंपो पर खडे ट्रको से तेल चोरी कर बिक्री करने वाले गिरोह के 2 अभियुक्तो को दिनांक 11.05.26 को कस्बा न्यूरिया में ट्रक से चोरी किये गए डीजल, घटना में प्रयुक्त एक कार क्रेटा कार नं न्च15 ठ 7207 व चोरी गए माल मे से 145 ली. डीजल के साथ ग्राम बसन्तापुर थाना न्यूरिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया



दिनांक 14.05.2026 को थाना न्यूरिया पर वादी मो० फईम पुत्र फैय्याज अहमद निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा कस्बा व थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत द्वारा ट्रक संख्या UP25CT4801 के डीजल टैंक से डीजल चोरी किये जाने के सम्बन्ध में 142/2026 धारा 303 (2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना न्यूरिया पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 16.05.2026 को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति ग्राम बसन्तापुर के खेतों के रास्ते पर एक सफेद रंग की कार में खड़े होकर किसानों को सस्ते दामों पर डीजल बेच रहे हैं। सूचना पर थाना न्यूरिया पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कार संख्या UP15BZ7207 की घेराबन्दी की गयी। पुलिस कार्यवाही के दौरान कार की पिछली सीट पर बैठे 2 व्यक्ति खेतों की ओर भागने में सफल हो गये, जबकि कार की अगली सीटों पर बैठे दीपक पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम अल्हिया थाना हाफिजगंज जनपद बरेली तथा रामकुमार पुत्र सीताराम निवासी ग्राम कल्यानपुर नौगवां थाना गजरौला जनपद पीलीभीत को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से ट्रक संख्या UP25CT4801 की आरसी, एक आधार कार्ड एवं एक स्टील का गिलास बरामद हुआ। इसके अतिरिक्त कार की डिग्गी से 1 नीले रंग की प्लास्टिक कैन तथा 4 सफेद रंग की प्लास्टिक कैन डीजल से भरी हुई बरामद की गयीं। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी है। पूछताछ में फरार अभियुक्तों के नाम सौरभ निवासी भैंसा ग्वालपुर तथा लोकेश उर्फ गंज निवासी कबूलपुर थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत प्रकाश में आये हैं। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे लोग सड़क किनारे होटलों, पेट्रोल पंपों एवं अन्य स्थानों पर खड़े ट्रकों के डीजल टैंक से तेल चोरी कर उसे सस्ते दामों में बेचने का कार्य करते हैं। अभियुक्तगण द्वारा कस्बा न्यूरिया स्थित पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक संख्या UP25CT4801 से डीजल चोरी करने की घटना कारित करना स्वीकार किया गया है।

# शनि देव मूर्ति स्थापना समारोह पर निकली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुदायन।** नगर पंचायत रुदायन में शनिवार को शनिदेव मूर्ति स्थापना समारोह के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निक. ाली गई। दोपहर करीब 2 बजे प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा का शक्ति केंद्र संयोजक संजीव गुप्ता ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया। यात्रा में शनिदेव महाराज के साथ राधा-कृष्ण, काली माता और बालाजी महाराज की आकर्षक झांकियां विशेष रथों पर सुसज्जित कर नगर भ्रमण कराया गया, जिन्हें देखने के लिए मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ झूमते नजर आए। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर शोभायात्रा में भाग लिया, जिससे नगर के मुख्य मार्गों पर आस्था और उत्साह का अनूठा दृश्य देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि मंदिर परिसर में शनिदेव महाराज सहित राधा-कृष्ण, काली माता और बालाजी महाराज की मूर्तियों की विधिवत स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गन्ना सर्वेक्षण की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

**शाह टइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला गन्ना अधिकारी ने जनपद के कृषकों को सूचित करते हुए बताया कि पेराई सत्र 2026-27 अर्न्तगत जनपद में 01 मई 2026 से गन्ना सर्वेक्षण का कार्य आरम्भ हो चुका है।

गन्ना सर्वेक्षण में आने वाली कृषकों की समस्यओं के त्वरित समाधान हेतु इस कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 05832-456030 है। अत: गन्ना कृषक भाईयों के गन्ना सर्वेक्षण सम्बन्धी कार्य में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आती है, तो वह उसके समाधान हेतु कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर पर अपनी समस्या नोट करा सकते हैं।

# डीएम की मौजूदगी में उमड़ी फरियादियों की भीड़, 98 में से छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल 98 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 44 शिकायतें रहीं। इनमें से छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

खंडवा गांव की एक महिला कृषक ने शिकायत की कि उसके भूमि विवाद में राजस्व परिषद के आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का 15 दिन के भीतर स्थलीय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। नगलिया जट गांव के वाजिद मलिक, अब्दुल सत्तार, गफ्फार हुसैन और दिलावर हुसैन समेत ग्रामीणों ने गांव में हाईटेंशन लाइन के पुराने और झुके खंभों से हादसे की आशंका जताई। ग्रामीणों ने केबल लाइन डलवाने की मांग की। इस पर विद्युत विभाग के एसडीओ ने बजट का अभाव बताया, जिसके बाद जिलाधिकारी ने तार बदलने और नीचे सुरक्षा जाल लगाने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल शाहबाद मार्ग स्थित धर्मपुर कलां गांव पहुंचे, जहां नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया। अधिकारियों ने शिलापट का अनावरण कर चौकी का लोकार्पण किया। एसएसपी ने कहा कि नई चौकी बनने से 26 गांवों के लोगों को त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी और कोतवाली तक नहीं दौड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है तथा जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतों का समाधान कराया जा रहा है। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।





जिलाधिकारी ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, पेयजल बचाने और बिजली चोरी रोकने में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों का निस्तारण सामंजस्य और सूझबूझ के साथ किया जाए, क्योंकि पुलिस और प्रशासन जनता की सेवा के लिए हैं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, सुरेश गुप्ता, प्रदीप सिंघल, दुष्यंत चौहान, सुधीर अग्रवाल, सलीम अहमद, इकरार हुसैन और नितिन डूडेजा समेत अन्य लोगों ने डीएम, एसएसपी, एसपी देहात कुंवर आकाश तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे को श्रीरामचरितमानस और प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद अधिकारियों ने नगर की नई सड़क स्थित जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पालिका ईओ को सड़क ऊंची कर निर्माण कराने और नाले की निकासी बड़े नाले से जोड़ने के निर्देश दिए। वहीं स्टेशन रोड स्थित साईं कॉलोनी में रास्ते के विवाद का निरीक्षण कर अवैध रास्ता बंद कराने के निर्देश भी दिए गए। समाधान दिवस से पूर्व जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, एसएसपी सतपाल अंतिल और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पैंठ बाजार पहुंचे। वहां उन्होंने पठन-पाठन की स्थिति का निरीक्षण किया और बच्चों से सवाल पूछे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी 15 पीएमश्री विद्यालयों को शिक्षा एवं संसाधनों के 120 मानकों के अनुरूप विकसित कर मॉडल स्कूल बनाया जाएगा।

## एक नजर

### शनि जयंती पर मंदिर में शनि शिला की कराई प्राण प्रतिष्ठा

**कांठ( शाह टाइम्स )।** शनि जयंती के अवसर पर सलेमपुर गांव में बिश्नोई मंदिर पर श्री शनि महाराज की शनि शिला की प्राण प्रतिष्ठा शिव कुमार शर्मा के द्वारा विधि विधान से कराई गई। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओ को खिचड़ी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मन्दिर में बच्चे बड़े और महिलाओं ने धर्म लाभ उठाया। इस मौके पर अंश बिश्नोई राहुल कुमार सैनी ओमवीर सिंह दिवाकर प्रभात बिश्नोई अर्चना बिश्नोई ममता बिश्नोई श्रद्धा बिश्नोई भोलू बिश्नोई और प्रमोद कुमार बिश्नोई आदि मौजूद रहे।



### क्षत्रिय समाज ने पृथ्वीराज चौहान को 860 वी जयंती पर किया याद



**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षत्रिय समाज समिति द्वारा कासमपुर पंचायत भवन में हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 860 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। समाज के लोगों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे वीरता, राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान के प्रतीक थे। उनके आदर्श आज भी समाज और युवाओं को प्रेरणा प्रदान करते हैं। सत्यवान सिंह राजपूत ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य एवं पराक्रम का उल्लेख करते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमोद चौहान, अनिल चौहान, वीरेंद्र चौहान, नेपाल सिंह, बलवंत सिंह, चंचल पाल, देवेंद्र सिंह, शिवेंद्र राजपूत, आर्यन चौहान, मास्टर सुरेंद्र सिंह, आशु राजपूत, राजीव, केपी सिंह, रवि पाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, राधेश एवं सवित चौहान आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गोष्ठी सम्पन्न

**मुरादाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा डेंगू जैसी गंभीर बीमारी के नियंत्रण व रोकथाम की शपथ दिलाई गई व भारत सरकार द्वारा प्राप्त की दिशा-निर्देशानुसार डेंगू पर नियंत्रण, रोकथाम व जन-जागरूकता हेतु डेंगू के लक्षण जैसे अचानक तेज सर दर्द व बुखार का होना, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आँखों के पीछे दर्द होना, जोकि आँखों को घुमाने से बढ़ता है, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गम्भीर मामलों में नांक मुँह, मसूडों से खून आना अथवा त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि व इसके बचाव जैसे डेंगू रोग की जाँच एवं उपचार निकट के सरकारी अस्पताल में शीघ्र एवं निशुल्क करायें, पानी को जमा न होने दे, पानी की टंकियां, कूलर व ऐसे पात्र जहाँ पानी रूक सकता है उसकी की नियमित सफाई, मच्छरदानी का प्रयोग, घर के आस-पास साफ-सफाई आदि कार्य व जन-जागरूकता हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी वी०बी०डी०, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, एपिडेमियोलॉजिस्ट श्री अजीज-उर-रहमान, जिला वी०बी०डी० कन्सलट्रेट श्री शरद पाल व समस्त मलेरिया निरीक्षक श्री शेखर गुप्ता, श्रीमती रजनी शर्मा, श्री वकुल गौतम, श्री अमित कुमार, मो० जीशान उपस्थिति रहे।

### घास काटने गए बच्चे पर जंगल में किया तेंदुए ने हमला, बाल बाल बची जान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जंगल से चारा लेने गए बच्चे पर तेंदुए ने जानलेवा हमला कर दिया लेकिन बच्चों की सजगता से उसकी जान बच गई प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर टांडा निवासी महिपाल का पुत्र विकास और मुनेश का पुत्र लोकेंद्र पशुओं का चारा लेने के लिए जंगल गए थे दोनों खेत की मेड़ पर घास काट रहे थे तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने छलांग मार कर लो.केंद्र को दबोच लिया लोकेंद्र ने हिम्मत का परिचय देते हुए दरात से तेंदुए पर वार किया। जिससे तेंदुआ कूदकर पीछे हट गया बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के किसान आ गए और तेंदुआ दोनों को छोड़कर भाग गया परिजन लोकेंद्र को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद के लिए रेफर किया गया और वहां से उपचार दिए जाने के बाद उसे घर वापस भेज दिया गया। ग्रामीणों का कहना था की क्षेत्र में तेंदुओं की संख्या बढ़ती जा रही है आधा दर्जन से ज्यादा बच्चों और बड़ों पर तेंदुओ के हमले हो चुके हैं लेकिन सरकारी स्तर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं काफी समय से तो पिंजड़ों के पास तेंदुओं की कोई हलचल भी दिखाई नहीं दे रही है गांव वालों ने पिंजरा लगाकर ऐसे हिंसक तेंदुओं को पकड़वाए जाने की मांग उठाई है।



## व्यापारियों की शिकायत पर नई सड़क पर जलभराव की समस्या पर पहुंचे डीएम

**स्टेशन रोड पर रास्ते को लेकर की गई शिकायत पर मौके का किया मुआयना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा नई सड़क पर बरसात के दौरान जल भराव की समस्या पर की गई शिकायत के बाद डीएम व एसएसपी काफिले के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ज्ञापन में कहा गया था कि यहां बरसात के दौरान गंदा पानी भरा रहता है ।अतिक्रमण के कारण भी दयनीय स्थिति बनी रहती है। नाले की गहराई पहले 5 फीट थी जिसे दो फिट कर दिया गया। कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।कहा की दोनों और का पानी एक और पुलिया में आकर गड्ढे में ठहर जाता है। जिसकी वजह से व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों ने मुआयना कर पालि. का की अधिशासी अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष के के गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रवीण कुमार, विकास शर्मा, अंकित,सानू, संजीव कुमार गुप्ता, मनोज शर्मा, शाहनवाज आलम, प्रदीप शर्मा, भूरा, यासीन, कामिल, रामकुमार, मुमताज अली, हरिकिशन प्रजापति, मुशाहिद अख्तर, इस्तखार हुसैन, किशन वीर सिंह, दानिश अली, खलील अहमद, जीशान, प्रदीप कुमार, तुषार गुप्ता, सुमित गुप्ता, मोहम्मद फैजान, सुखपाल सिंह आदि सहित अनेकों मौजूद रहे। इसके अलावा दोनों अधिकारियों ने स्टेशन रोड पर एक शिकायत के बाद मौके पर पहुंचकर शिकायत की स्थिति को जाना।

## बिलारी में फिर शुरू हुई 'रघुराज की रसोई' जरूरतमंदों को कराया गया निशुल्क भोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी** तहसील परिसर के बाहर शनिवार को पालिका अध्यक्ष एवं समाजसेवी रघुराज सिंह यादव द्वारा "रघुराज की रसोई" के तहत निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने पहुंचकर भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर रघुराज सिंह यादव ने बताया कि यह सेवा पूर्व में भी लगातार संचालित की जाती रही है, लेकिन कुछ कारणों से बीच में इसे रोकना पड़ा था। अब पुनः इस जनसेवा अभियान को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शनिवार को नगर के अलग-अलग स्थानों पर "रघुराज की रसोई" लगाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक निशुल्क भोजन पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि रसोई करीब चार घंटे तक संचालित होती है और इस




दौरान आने वाले सभी लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसे "जीरो वेस्ट इवेंट" की थीम पर आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम में प्लास्टिक से बनी किसी भी सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। भोजन वितरण के लिए केवल पुनर्चक्रण योग्य दोने, गिलास और पत्तलों का इस्तेमाल किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विनेश सिंह यादव (चेयरमैन प्रति. निधि), विकास गुप्ता (नगर अध्यक्ष, बिलारी), मनोज ठाकुर (मंडल महामंत्री), निहाल सिंह, तहजीव आलम, रसीद पन्ना, जरीफ, सलीम, सुमित गुप्ता, देवेश शर्मा, रविंद्र कुमार सिंह, अभिषेक पांडे, शैलेन्द्र उर्फ सोनू, सद्दीक रजा, सचिन चौधरी, अनिल ठाकुर, संजीव ठाकुर, लक्ष्मण सिंह, राजू, ओमेन्द्र, धर्मवीर यादव, लखपत सिंह (प्रधान जी), सिद्धार्थ सिंह, जीतेन्द्र कोहली, प्रमोद, रविन्द्र चौधरी, विशाल प्रजापति, दीपक कुमार, सतवीर सिंह, नरेन्द्र सिंह लाला, संजय सिंह, मोअज्जम अली तथा फरमान मलिक सहित नगर के प्रमुख सभासद, रघुराज सिंह यादव की पुरानी टीम के सदस्य एवं सफाई नायकों की टीम मौजूद रही।

## जन्मदिन समारोह में मारपीट करने के मामले में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिचौला ढूकी में जन्मदिन समारोह के दौरान घर में घुसे लोगों ने परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। इस दौरान घर का खाना भी फेंक दिया। इस मामले में तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वीरवती पत्नी बबलू सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि 14 मई को उसके परिवार में रामायण का कार्यक्रम था। उसके बेटे का जन्मदिन था। जिसमें दावत चल रही थी। गांव के ही एक भाजपा नेता का भाई पिंकी घर में घुस आया और गाली गलौज छेड़खानी करने लगा। दावत का खाना बर्बाद कर दिया। अशोक कुमार ने कार्यक्रम में मारपीट और गाली गलौज की मेहमानों के लिए बनाए गए भोजन में ईंट पत्थर और मिट्टी डाल दी। घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। सुरेश घर पर आकर धमकी दे रहा था। उसके साथ अजब सिंह भी था। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

## सीडीओ ने किया पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय छजलैट का औचक निरीक्षण

**● सफाई व नामांकन बढ़ाने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने विकास खंड छजलैट में स्थित पी.एम.श्री कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया, जिसमें 01 सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश व 01 सहायक अध्यापक अर्जित अवकाश पर थे।

सीडीओ ने विद्यालय की समस्त कक्षाओं में जाकर कक्षा में हो रहे पठन-पाठन की विस्तार से जानकारी ली। विद्यालय में साफ-सफाई की स्थिति को बारीकी से देखा गया। सीडीओ ने विद्यालय में साफ-सफाई को लेकर अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत



कांठ को निर्देश दिए एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सफाई कर्मी से सफाई कराने हेतु एडीओ पंचायत से वार्तालाप करने के लिए निर्देशित किया। विद्यालय में नामांकन को बढ़ाने हेतु भी निर्देश दिए गए। विद्यालय परिसर में नवनिर्मित मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जिसके क्रम में संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। पी. एम.श्री कम्पोजिट विद्यालय कांठ में संचालित प्ब्ज् स्ंइ का अवलोकन किया गया, जिसके क्रम में प्ब्ज् स्ंइ के कुशल संचालन कराए जाने के लिए प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया। साथ ही निपुण प्लस ऐप पर नामांकित समस्त छात्र-छात्राओं का नियमित असेसमेंट कराए जाने के लिए भी निर्देश दिए गए।

## कृषको को ग्रीष्मकालीन जुताई करने की सलाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वर्तमान समय में जनपद मे छिटपुट वर्षा हो रही है जिसको दृष्टिगत रखते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पाल सिंह द्वारा कृषक भाईयों को ग्रीष्मकालीन जुताई करने की सलाह दी है। ग्रीष्मकालीन जुताई के लिए यह समय उपयुक्त है। कीट एंव रोग नियंत्रण की आधुनिक विद्या एकीकृत नाशी जीव प्रबन्धक (आई0पी0एम0) के अन्तर्गत भी ग्रीष्मकालीन जुताई को अपनाने पर बल दिया जाता है। रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई आगामी खरीफ फसलों के लिए अनेक प्रकार से लाभकारी है। ग्रीष्मकालीन जुताई मानसून आने से पूर्व मई-जून महीने मे की जाती है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन जुताई का उद्धेश्य एवं उसके लाभ जैसे- मृदा के अन्दर छिपे हुए हानिकारक कीट एंव उनके अण्डे, लार्वा, प्यूपा तथा निमेटोड गहरी जुताई के बाद सूर्य की तेज किरणो के सम्पर्क मे आने से नष्ट हो जाते है। गर्मी की गहरी जुताई के उपरान्त मृदा में पाये जाने वाले भूमि जनित रोगों के जीवाणु कवक आदि सूर्य के प्रकाश मे नष्ट हो जाते है जो फसलों में बीमारी के प्रमुख कारण होते है। खेत मे उगे हुए खरपतवार एवं फसल अवशेष मिट्टी मे दबकर सड़ जाते है जिससे मृदा मे जीवांश की मात्रा बढ़ती है। ग्रीष्मकालीन जुताई करने से मृदा की संरचना में सुधार होता है जिससे मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ती है जो फसलों के बढवार के लिए उपयोगी है। खेत की कठोर परत को तोड़कर मृदा को जड़ो के विकास के लिए अनुकूल बनाने हेतु ग्रीष्मकालीन जुताई अत्यधिक लाभकारी है। मृदा में वायु संचार बढ़ जाता है जो लाभकारी सुक्ष्म जीवों के वृद्धि एवं विकास मे सहायक होता है। फसल में कीट/रोग की समस्या के निदान हेतु कृषक भाई अपना नाम, ग्राम का नाम, विकासखण्ड व जनपद का नाम लिखते हुए सहभागी फसल निदान प्रणाली के मोबाइल नं0 9452247111 एवं 9452257111 पर एस0एम0एस0/व्हाट्सएप के माध्यम से फोटो भेजते हुए अपनी समस्या का समाधान 48 घंटे के अन्दर पा सकते हैं।

## संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर भड़के किसान, तहसील में किया जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। किसानों ने प्रशासन पर शिकायतों को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनेंद्र शर्मा एवं तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो मौके पर जांच की जाती है और न ही शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण किया जाता है। किसानों ने आरोप लगाया कि शिकायत पत्रों को महज औपचारिकता बनाकर रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर किया जाए, लेकिन स्थानीय प्रशासन इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इसी लापरवाही के विरोध में किसानों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबा.जी की। इस दौरान किसानों ने वन विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए। भाकियू नेताओं ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व वन विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आंधी-तूफान में सड़कों किनारे गिरे पेड़ों को विभाग द्वारा निजी ठेकेदारों को बेच दिया जाता है और उससे प्राप्त धनराशि सरकारी खाते में जमा करने के बजाय हड़प ली जाती है, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।



भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 24 मई तक किसानों की समस्याओं और शिकायतों का समाधान नहीं किया गया तो 25 मई से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में ब्लॉक उपाध्यक्ष चौधरी अयूब अली, हरीराज सिंह, ओमप्रकाश सिंह, उदयपाल सिंह, अनूप सिंह, सुमित चौहान, शिवराज सिंह बिश्नोई, टेकचंद सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## 120 मानकों पर संवरेंगे मुरादाबाद के 15 पीएम श्री विद्यालय

**संभल के इटायला माफी स्कूल की तर्ज पर होगा विकास, मिशन कायाकल्प के 19 मानकों से हो चुके हैं संतृप्त**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में बेसिक शिक्षा की तस्वीर को पूरी तरह से बदलने और हाईटेक करने की बड़ी कार्ययोजना तैयार की गई है।

मुरादाबाद के 15 पीएम श्री विद्यालयों को अब श्मॉडल और लीडरशिप स्कूलश के रूप में विक. सित किया जाएगा। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया द्वारा पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी के निरीक्षण के बाद यह रूपरेखा तय की गई है। इन स्कूलों का कायाकल्प इन्फ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े 120 विशेष मानकों के आधार पर किया जाएगा। इन्हें देश में स्वच्छता के लिए नंबर वन का पुरस्कार पा चुके संभल जिले के इटायला माफी स्थित पीएम श्री विद्यालय की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत इन 15 विद्यालयों को 6 प्रमुख पिलर्स पर विकसित किया जाना है। इसमें मात्रात्मक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) से लेकर गुणात्मक (क्वालिटी एजुकेशन) तक कुल 120 बिंदु तय किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इन 120 में से मिशन कायाकल्प के तहत आने वाले 19 मूलभूत मानकों को विद्यालयों में पहले ही पूरा (संतृप्त) किया जा चुका है। अब कार्ययोजना के तहत शेष मानकों पर तेजी से काम होगा, ताकि इन्हें पूरी तरह से एक आदर्श विद्यालय का स्वरूप दिया जा सके।

जिले के इन मॉडल स्कूलों को विकसित करने के लिए संभल जिले के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी (विकास खंड असमौली) को बेंचमार्क माना गया है।

गौरतलब है कि इटायला माफी विद्यालय को देश के नंबर वन स्वच्छ विद्यालय के रूप में पुरस्कृत किया जा चुका है, जहां मा. राज्यपाल सहित कई मंत्री और अधिकारी इसकी व्यवस्थाओं का जायजा लेने आ चुके हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्थाओं और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलारी को निर्देश दिए कि बिलारी सहित सभी 15 पीएम श्री स्कूलों का भौतिक और शैक्षिक विकास बिल्कुल उसी तर्ज पर किया जाए। भौतिक चकाचौंध के साथ-साथ पढ़ाई के स्तर को सुधारने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। विद्यालय में बालवाटिका और प्राथमिक स्तर के बच्चों को अब शलर्निंग बाय डूइंगश (करके सीखना) पद्धति के तहत शिक्षा दी जाएगी, ताकि वे रटने के बजाय चीजों को प्रायोगिक तौर पर समझ सकें। वहीं, कक्षा 1 और कक्षा 4 के बच्चों की व्याकरण संबंधी अशुद्धियों को श्मेरी त्रुटियां मेरी सीख कार्यपुस्तिका के माध्यम से सुधारा जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के अनुसार, बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता मापने के लिए शनिपुण टीमश द्वारा नियमित मूल्यांकन होगा और एआरपी/एसआरजी द्वारा लगातार इनकी ट्रैकिंग की जाएगी।

## दिल्ली से अल्मोड़ा जा रही कारचालक को लगी नींद की झपकी, हादसा टला

**ठाकुरद्वारा।** दिल्ली से उत्तराखंड के अल्मोड़ा जा रहे युवकों की कार चालक को अचानक नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा निवासी बिरजू दिल्ली में कार्य करते हैं। शनिवार सुबह वह अपने चार साथियों के साथ दिल्ली निवासी अर्जुन सिंह, हर्ष रावत, विजय रावत, विनीत जोशी कार से अपने पैतृक गांव अल्मोड़ा जा रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे जैसे ही उनकी कार ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद रोड स्थित शिवहरि राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के पास पहुंची, तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे कार अचानक असंतुलित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। राहत की बात यह रही कि कार में सवार किसी भी युवक को गंभीर चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि कार की रफ्तार अधिक होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद कुछ देर तक मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# मंदिर के महाराज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घटना से परिजनों में मची चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के बस्ती रोड स्थित सलेमपुर गौसाई के प्याऊ मंदिर पर रहने वाले महाराज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव यज्ञशाला के पास पड़ा था। पूजा करने आए लोगों ने उन्हें मृत देखकर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर मंदिर से कुछ ही दूरी पर रहने वाले स्वजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**वारदात**

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**

जानकारी के अनुसार बस्ती सलेमपुर रोड पर प्याऊ मंदिर है। यहां पर मौहल्ला जलालनगर के निवासी शूरवीर (52) पुत्र गोपाल महाराज के रूप में सेवा कर रहे थे। शनिवार की सुबह को करीब छह बजे जब मंदिर पर पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालु आए तो उन्हें यज्ञशाला के पास में महाराज शूरवीर जमीन पर पड़े मिले। श्रद्धालुओं ने उन्हें आवाज देकर और हिला जुलाकर देखा तो उनके शरीर में कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, जिससे उनकी मौत होने की पुष्टि हो गई। श्रद्धालुओं ने ग्राम प्रधान ओमकार सैनी और पुलिस को घटना की जानकारी दी। 112 डॉयल के साथ ही सीओ अंजलि कटारिया और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी मौके पर पहुंच गए। इधर से घटना की जानकारी मिलने पर शूरवीर के परिजन भी मंदिर पर पहुंच गए। महाराज की मौत होने की सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मृत्यु का सही कारण जानने के लिए महाराज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### एसपी ने भी किया मौका मुआयना

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मंदिर के महाराज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की घटना के बाद एसपी लखन सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे और अधीनस्थों से घटना की जानकारी ली, वहीं ग्राम प्रधान और मृतक के परिजनों से भी बातचीत की। एसपी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु का सही कारण ज्ञात हो सकेगा। उसी अनुरूप अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार से भी घटना को लेकर बातचीत की तो वहीं ग्राम प्रधान ओमकार सैनी से भी बातचीत की। मंदिर पर हुई पुरानी घटनाओं को लेकर भी जानकारी ली। एसपी ने मृतक महाराज के परिजनों से भी बातचीत की।

### दो महाराजों की पहले भी हो चुकी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** इस मंदिर पर महाराज की मौत होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। वर्ष 2008 में यहां पर महाराज शिवे की तो वहीं वर्ष 2021 में महाराज विरेन्द्र की हत्या हुई। वर्ष 2021 के बाद से शूरवीर ही मंदिर पर सेवादारी का कार्य कर रहे थे। अब वर्ष 2026 में महाराज शूरवीर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### चौकी बनवाने की मांग को लेकर एसपी से मिलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ग्राम प्रधान ओमकार सैनी का कहना है कि सलेमपुर गौसाई के प्याऊ मंदिर पर पुलिस चौकी बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलेंगे। बताया कि पहले भी वर्ष 2020 में चौकी बनवाने की मांग की गई थी। चौकी बनने से मंदिर की सुरक्षा भी बढ़ सकेगी तो वहीं ग्रामीणों और आने जाने वाले लोगों को भी पुलिस का सहयोग लेने में आसानी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही ग्रामीणों के साथ जाकर एसपी से मिलेंगे।

# तरबूज तोड़ने गया किशोर गंगा में डूबा

## सिपिया फार्म पर हादसा, तलाश में जुटे गोताखोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के सिपिया फार्म स्थित गंगा नदी में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। दोस्तों के साथ गंगा पार तरबूज तोड़ने गया 16 वर्षीय किशोर तेज बहाव में बहकर डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी गई। देर शाम तक किशोर का कोई सुराग नहीं लग सका था।

गांव मोहसनपुर उर्फ देवीपुरा निवासी मोनू पुत्र नरेश शनिवार दोपहर अपने दोस्तों के साथ सिपिया फार्म के पास गंगा किनारे गया था। बताया जा रहा है कि गंगा पार रेत पर तरबूज की फसल बोई गई है। मोनू अपने साथियों के साथ नदी पार कर तरबूज तोड़ने जा रहा था। इसी दौरान गंगा के तेज बहाव में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक वह पानी में लापता हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही मंडी धनौरा पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी देर तक तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को भी सूचना दे दी है। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि किशोर के गंगा में डूबने की सूचना मिली थी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कराई जा रही है। तेज बहाव के चलते दिक्कत आ रही है, इसलिए एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया है। हादसे की खबर मिलते ही मोनू के परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते गंगा किनारे पहुंच गए। गांव के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर जमा रहे। प्रशासन ने लोगों से तेज बहाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचने की अपील की है।

# मुकदमें में गवाही को लेकर पीड़ित पक्ष को धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव पांयती खुर्द निवासी युवक ने मुकदमे में अपने पक्ष में गवाही देने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए डिडौली कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़ित परिवार के अनुसार उनकी नाबालिग पुत्री को तीन जून 2024 को गांव का ही युवक अली बारिस बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले में छह जून 2024 को पीड़ित परिवार ने अली बारिस समेत उसके परिवार के चार लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नाबालिग होने के कारण युवती को नारी निकेतन भेज दिया गया था। बाद में वर्ष 2025 में बालिग होने पर युवती ने अली बारिस से निकाह कर लिया और उसके साथ रहने लगी। शुक्रवार शाम युवती का भाई सुहेल जंगल में चारा लेने गया था। तभी वहां पहुंचे अली बारिस ने कहा कि 18 मई को न्यायालय में गवाही होनी है और उसे अपने पक्ष में बयान देना होगा। विरोध करने पर अली बारिस ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से चला गया।पीड़ित सुहेल ने डिडौली कोतवाली पहुंचकर आरोपित अली बारिस के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# झुलसता रहा युवक, पुलिस करती रही लीपापोती

## एसपी ने कोतवाल, चौकी प्रभारी व सिपाही को किया सस्पेंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बकाया ऋण को लेकर मकान खाली कराने पहुंची बैंक टीम के सामने सब्जी विक्रेता द्वारा खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की सनसनीखेज घटना ने पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पहले डीएम ने सख्त रुख अपनाया, वहीं अब एसपी ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए सूचना छिपाने और घटना की सही जानकारी समय पर न देने के आरोप में नौगावां सादात कोतवाल, चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इतना ही नहीं, पूरे प्रकरण पर पर्दा डालने की कोशिश और अफसरों को गुमराह करने के आरोपों के बीच विभागीय जांच भी बैठा दी गई है, जिससे पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है।

बकाया ऋण को लेकर मकान खाली कराने के दौरान नौगावां सादात क्षेत्र के गांव पंजू सराय में सब्जी विक्रेता अशोक द्वारा बैंक टीम के सामने

- बैंक टीम के सामने युवक ने लगाई आग,
- सूचना छिपाने पर गिरी गाज

पेट्रोल उड़ेलकर आग लगाने से जुड़ी घटना में डीएम नितिन गौड़ के बाद एसपी ने भी सख्त रूख अपनाया है। समय पर घटना की सूचना नहीं देने पर उन्होंने कोतवाल नौगावां सादात बालेंद्र यादव, मूंढ़ाखेड़ा चौकी प्रभारी परविंदर मलिक और बीट कांस्टेबल हेमंत कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, एलआईयू और सीओ नौगावां सादात सीओ अवधभान भदौरिया को भी नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। दूसरी तरफ पूरे मामले की विभागीय जांच भी बिठा दी है। एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि थाना स्तर से इस बड़ी घटना को पर्दे में रखा गया। गुरुवार रात करीब नौ बजे जब सूचना मिली तो उन्होंने स्वयं फोन कर घटना की जानकारी ली लेकिन इस दौरान कोतवाल और चौकी प्रभारी, दोनों गुमराह करते रहे। घटना को सिर्फ आग लगाने का प्रयास बताया गया जबकि युवक बुरी तरह झुलसा था। एसपी ने बताया कि मामले की विभागीय जांच बिठा दी गई। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की लाप. रवाही को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगी, सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट तौर पर हिदायत दे दी गई है।

**एक नजर**

### डिवाइडर से टकराया स्कूटर, युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के वरखेड़ा राजपूत गांव निवासी सतपाल सिंह का पुत्र उपदेश कुमार शुक्रवार शाम सड़क हादसे में घायल हो गया। वह अम्हेड़ा गांव स्थित एक कंपनी में कार्यरत हैं। ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह स्कूटर से अपने घर लौट रहे थे।बताया जा रहा है कि चौधरपुर अंडरपास से होकर जिवाई गांव के पास हाईवे स्थित शिवा ढाबे के निकट पहुंचते ही उनका स्कूटर अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे के समय सड़क पर कोई अन्य वाहन नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया।राहगीरों ने घायल अवस्था में पड़े युवक को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को चौधरपुर स्थित जीवन 24 अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में स्वजन बेहतर उपचार के लिए उसे मुरादाबाद के ब्राइट स्टार अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार जारी है।

### बुलैरा की टक्कर से स्कूटी सवार दो बहने घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना गजरोला क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर रेलवे स्टेशन निवासी राकेश कुमार सागर की पुत्री कुमारी आंचल और कुमारी दीपा शुक्रवार शाम सड़क हादसे में घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि दोनों बहनें मुरादाबाद से स्कूटी पर सवार होकर अपने घर लौट रही थीं। जैसे ही उनकी स्कूटी थाना रजबपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित नोर्थन पब्लिक स्कूल के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बहनें गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद राहगीरों की मदद से दोनों को गजरोला स्थित आस्था अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर स्वजन उन्हें चौधरपुर गांव स्थित जीवन 24 अस्पताल ले गए,जहां दोनों का उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ईदुल अजहा पर सार्वजनिक स्थानों न करेंकुर्बानी



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि ईदुल अजहा पर प्रतिबंधित पशु का वध न करें तथा कोई भी नई परम्परा न शुरू की जाये। डिडौली कोतवाली में ईदुल अजहा को लेकर अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें एसडीएम विभा श्रीवास्तव वसीओ अभिषेक यादव ने कहा कि ईदुल अजहा पर प्रबंधित पशु का वध ना करें तथा कोई नई परंपरा ना डालें व सड़कों पर नमाज अदा न करें। सीओ अभिषेक यादव ने कहा कि कुर्बानी खुले में ना करें और अवशेषों को गडडा खोद कर दवाया जाए, त्योहार पर वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं तथा बाइक चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग करें। बैठक में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वालियानडा. रेहान, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद फहीम, हरस्वरूप माथुर, शाह आलम, जयचन्द सैनी आदि मौजूद रहे।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** क्षेत्र के सकतपुर पीऊ के पास शनिवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव तीगरिया नादरशाह निवासी अनित, रोहित और रूबी हसनपुर से दवाई लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सकतपुर पीऊ के पास ढबारसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### अवारा कुत्तों के हमले में बछिया की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव भोगपुरा के निकट वन विभाग के रहरई जंगल में आवारा कुत्तों के झुंड ने गाय की एक बछिया को नोच-नोचकर मार डाला। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बछिया खून से लथपथ हालत में दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पशु चिकित्सक मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे घायल बछिया ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। किसानों ने कहा कि क्षेत्र में गौशाला होने के बावजूद आवारा पशुओं को नहीं पकड़ा जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करने की बात कही है।



# अंग्रेजी साहित्य में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

## जेएस कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पी.जी. कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। भारतीय सांस्कृतिक विरासत के सेतु के रूप में अंग्रेजी साहित्य,अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों, शोधार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि भारतीय संस्कृति, साहित्य और आधुनिक समाज में अंग्रेजी साहित्य की भूमिका पर गंभीर चर्चा की गई। संगोष्ठी संयोजक डॉ. राजनलाल ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, जबकि विभागाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता प्रो. सुधीर कुमार अरोड़ा ने अंग्रेजी साहित्य में भारतीय संस्कृति और संवेदनाओं की प्रस्तुति पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र कुमार ने साहित्य की सामाजिक भूमिका और भारतीय विचारधारा की वैश्विक पहचान पर विस्तार से चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीर वीरेन्द्र सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को शोध और शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान संगोष्ठी की ई-सोविनियर का विमोचन भी किया गया। बाद में आयोजित तकनीकी सत्रों में 50 से अधिक शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए।




# संदिग्ध परिस्थितिथियों में युवती लापता

## परिजनों में मचा हड़कम्प, दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से 20 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती के अचानक गायब होने से परिवार में चिंता और बेचौनी का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार युवती के पिता अपने परिवार के साथ जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के एक गांव में रहते हैं, जबकि युवती अपने दादा के साथ जोया में रह रही थी। बताया जा रहा है कि गुरुवार को युवती अचानक घर से कहीं चली गई और देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद शुक्रवार शाम युवती के दादा ने डिडौली कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवती की बरामदगी के लिए टीम गठित कर संभावित स्थानों पर जांच-पड़ताल की जा रही है।

**आस्था** ब्रजघाट एवं तिगरी में उमड़े श्रद्धालु, इस दिन होती है वट (बरगद) वृक्ष की पूजा

# वट अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** वट अमावस्या (ज्येष्ठ अमावस्या) पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए ब्रजघाट और तिगरी दोनों ही स्थानों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करके उगते सूर्य को अर्ध्य प्रदान किया और पुरोहितों से धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा पाठ कराया। पुरोहितों और निर्धनों को नकद धनराशि और वस्त्र आदि का दान किया।

बता दें कि वट अमावस्या का पौराणिक महत्तव है। इसी मान्यता के चलते शनिवार को गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रजघाट में तो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हापुड़ जैसे दूर-दराज के स्थानों तक भी श्रद्धालुओं ने दस्तक दी। श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ स्नान किया और प्रसाद चढ़ाकर गंगा मैया से सुख, शांति की प्रार्थना की। पितरों को भी जल अर्पित किया। गंगा स्नान करे ब्रजघाट स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर, वेदांत मंदिर, अमृत मंदिर आदि के दर्शन भी किए। उधर तिगरी में भी वट अमावस्या के अवसर स्नानार्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां पर ट्रैक्टर-ट्रालियों से ग्रामीण आंच. लिक क्षेत्र के श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा रही। पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि वट अमावस्या के दिन वट वृक्ष की पूजा होती है। इस दिन गंगा स्नान और पूजन करने से परिवार में सुख शांति आती है तो वहीं इसी दिन भगवान शनि का जन्म भी हुआ है। बताया कि इसी दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण भी अपनी पूजा, अर्चना और भक्ति के द्वारा वापिस लिये थे। बताया कि वट अमावस्या पर पति की दीर्घायु के लिए भी व्रत आदि रखने की परंपरा है। इस दिन महिल. ांए वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करती हैं और रोली, चंदन से वट वृक्ष पर कलावा बांधकर परिक्रमा करती हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उनके पति के जीवन में आने वाली सभी समस्यांए भी दूर होती हैं और वे दीर्घायु होते हैं।

### पति की दीर्घायु के लिए की वट वृक्ष की पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** शनिवार को वट अमावस्या पर सुहागिन महिलाओं ने परम्परागत रूप से पति की दीर्घायु व घर में सुख के लिए वट-वृक्ष की पूजा की। सज-धज कर महिलाएं घर से लाल चुनरी ओढ़कर वट वृक्ष के नीचे पहुंचीं। जिनके आसपास वट वृक्ष नहीं था, उन्होंने वट वृक्ष की पत्ते व डालियां मंगाकर उनकी पूजा अर्चना की। महिलाओं ने बताया कि सावित्री ने वट अमावस्या पर वट वृक्ष की पूजा की थी। इस दिन पति की दीर्घायु के लिए उपवास भी रखा जाता है।

### वट वृक्ष की पूजा कर बांधा कलावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सुहागिनों ने पति की लंबी आयु की कामना कर व्रत रखा और वट वृक्ष की पूजा कर कलावा बांधा। सुहागिन महिलाएं इस दिन सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती है और वट वृक्ष तथा देवी सावित्री की पूजा करती है। शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा विधि विधान के साथ की। महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे फल फूल और पूजन सामग्री के साथ पूजा अर्चना की। कच्चे धागे के साथ वृक्ष की परिक्रमा कर पति के दीर्घायु होने का वरदान मांगा। मान्यता है को इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। नीता महेश्वरी ने बताया कि वट सावित्री व्रत का हिंदू धर्म में खास महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती है, और मां सावित्री की विधि विधान से पूजा करती है।यह पर्व ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।

# KKR ने GT को 248 रन का टारगेट दिया

## कोलकाता की ओर से सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने खेली 44 गेंदो में 93 रनों की आतिशी पारी

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गुजरात टाइटंस (जीटी को 248 रन का टारगेट दिया है। गुजरात ने ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। कोलकाता टीम के लिए फिन एडन ने 35 गेंदों में 93 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। वहीं अंगकृष रघुवंशी ने नाबाद 82 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 44 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौके और 7 छक्के लगाए। अंतिम ओवरों में कैमरन ग्रीन ने भी 28 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे 14 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात की ओर से मोहम्मद सिराज और साई किशोर को 1-1 विकेट मिला। हालांकि, टीम के ज्यादातर गेंदबाज महंगे साबित हुए। राशिद खान ने 4 ओवर में 57 रन खर्च किए, जबकि अरशद खान के एकमात्र ओवर में 22 रन आए। पारी के आखिरी ओवर में कैमरन ग्रीन ने राशिद खान की



गेंद पर चौका लगाकर सिर्फ 26 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। ग्रीन ने मिडविकेट की दिशा में बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, जहां बाउंड्री पर कगिसो रबाडा कैच पकड़ने पहुंचे, लेकिन गेंद की स्पिन को जज नहीं कर सके और गेंद उनके हाथों के पास से निकलकर बाउंड्री तक पहुंच गई। 17वें ओवर की दूसरी बाल पर अंगकृष रघुवंशी ने जेसन होल्डर की गेंद पर सिंगल लेकर आईपीएल करियर की सातवीं फिफ्टी पूरी कर ली। रघुवंशी ने बैक आफ लेंथ गेंद को थर्ड मैन की दिशा में खेलकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 33 बाल पर फिफ्टी पूरी की। एलन आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 10 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। इस मामले में क्रिस गेल टाप पर हैं, जिन्होंने 4 बार यह कारनामा किया है। वहीं अभिषेक, वैभव सूर्यवंशी और फिन एलन ने 2-2 बार एक पारी में 10+ छक्के लगाए हैं। 12वें ओवर की दूसरी बाल पर साई किशोर ने फिन एलन को आउट कर गुजरात को बड़ी सफलता दिलाई। साई किशोर की फ्लाइटेड गेंद पर एलन बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद में मिले ड्रिफ्ट से टाइमिंग बिगड़ गई। लॉन्ग-ऑन पर खड़े राशिद खान ने आसान कैच लपक लिया। एलन 35 गेंदों पर 93 रन बनाकर आउट हुए। उनकी विस्फोटक पारी में 4 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। एलन और रघुवंशी के बीच 95 रन की साझेदारी हुई। एलन ने अरशद खान के ओवर में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 22 रन बटोर लिए। एलन ने ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाया। उन्होंने पहली, दूसरी और चौथी गेंद पर छक्के जड़े, जबकि आखिरी गेंद को एक्स्ट्रा कवर के रास्ते चौके के लिए भेज दिया। इस धमाकेदार ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर 11 ओवर में 138/1 पहुंच गया। 8वें ओवर में एलन ने राशिद खान के ओवर में शानदार बैटिंग की। एलन ने ओवर की पहली दो गेंदों पर लगातार छक्के जड़े और फिर चौका लगाकर सिर्फ 21 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। इस ओवर से कुल 18 रन आए और कोलकाता का स्कोर 8 ओवर में 85/1 पहुंच गया। एलन ने राशिद खान की गेंद पर चौका लगाकर सिर्फ 21 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। एलन ने शार्ट आफ लेंथ गेंद को बैकफुट से सीधे मैदान के नीचे खेला। बाउंड्री लाइन पर जेसन होल्डर ने शानदार बचाव की कोशिश की, लेकिन गेंद को रोकते वक्त वे रोप से टकरा गए और चौका मिल गया।

# धीमी ओवर गति के लिए पंत पर लगा 12 लाख का जुर्माना



**मुंबई, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर आईपीएल के 59वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल के एक बयान के मुताबिक कि क्योंकि यह आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, जो न्यूनतम ओवर-गति अपराधों से जुड़ा है, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया। इस रोमांचक मुकाबले के शुरू होने से पहले दोनों टीमें काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरीं और उत्तर प्रदेश में आई भयानक ओलावृष्टि के पीड़ितों को श्रद्धांजिंल देने के लिए एक मिनट का मौन रखा।

### खेल विशेष

## भारत की अंडर-18 पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया से खेला ड्रॉ

**भोपाल, वार्ता।** भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला टीमों ने मध्य प्रदेश के साई सेंट्रल रीजनल सेंटर में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ अपनी चार मैचों की सीरीज की शुरुआत की। भारतीय पुरुष टीम अपने पहले मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ पर रुकी। शुक्रवार रात को मेजबान टीम की ओर से आकाश दीप (11) और दीपक प्रकाश टोप्पो (45) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए, जेट जॉनस्टोन (2) ने मेहमान टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, जबकि फैंकी बेकर (60) ने खेल के आखिरी मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को ड्रॉ पर खत्म करवाया। महिलाओं के पहले मुकाबले में, ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 महिला टीम ने 4-3 से जीत हासिल की।

## डोरिवल तीसरी बार साओ पाउलो के मैनेजर बने

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व मुख्य कोच डोरिवल जूनियर को तीसरी बार साओ पाउलो का मैनेजर बनाया गया है, ब्राजीलियन सीरी ए क्लब ने यह जानकारी दी। 64 साल के डोरिवल ने रोजर मचाडो की जगह ली है, जिन्हें बुधवार को जुवेंट्यूड से कोपा डो ब्रासिल में 3-1 से हार के बाद निकाल दिया गया था। साओ पाउलो की आधिकारिक वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया कि डोरिवल दिसम्बर तक चलने वाली डील के लिए सहमत हो गए हैं और उनके साथ असिस्टेंट लुकास सिल्वेस्ट्रे और पेड्रो सोटेरो भी होंगे। उल्लेखनीय है कि डोरिवल इससे पहले दो बार मैनेजर रह चुके हैं, जिसमें उनका कुल रिकॉर्ड 42 जीत, 22 ड्रॉ और 28 हार का रहा है। साओ पाउलो अभी ब्राजील की 20-टीम सीरी ए स्टैंडिग में 15 गेम में 24 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

## डायना ने 10 हजार मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

**घाना, वार्ता।** केन्या की लंबी दूरी की धाविका डायना वांजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए घाना में चल रही अफ्रीकन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। वांजा ने शुक्रवार देर रात 31 मिनट और 33 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस दौड़ में वह पहली बार केन्या का प्रतिनिधित्व कर रही थी। स्वर्ण पदक विजेता वांजा ने कहा कि उन्होंने विजेता बनने का पक्का इरादा कर लिया था और इसलिए चैंपियनशिप के लिए बहुत अच्छी तैयारी की। वांजा ने कहा कि मेरा सीक्रेट कड़ी मेहनत करना है। आपको ट्रेनिंग करनी होगी, ताकि आप उन अलग-अलग चेहरों के सामने काफी बोल्ड हों। उन्होंने यह मौका देने के लिए केन्या के लोगों का शुक्रिया अदा किया और आगे कहा कि वह कॉमनवेल्थ गेम्स का इंतजार कर रही हैं।

# स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब ने जेमिनी क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब ने जेमिनी क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में शनिवार को 6 विकेट से हरा दिया और क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। टॉस जीतने के बाद, जेमिनी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जेमिनी क्रिकेट क्लब ने 39-1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 276 रन बनाए, जिसमें आदित्य पोपली 62(58), समर्थ सिंह 43(18) और प्रताप बसिष्ठा 35(40) का योगदान रहा।

वहीं, स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों में ललित यादव ने 30 रन देकर 3 विकेट, सुशील कुमार ने 44 रन देकर 3 विकेट और योगेश कुमार ने 45 रन देकर 2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए, स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब ने 31-1 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाए। इसमें कुणाल सां. गवान 105(90) और ऋषभ ड्राल 82(51) की शानदार पारियों की मदद से टीम ने 6 विकेट से मैच जीत लिया और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। जेमिनी क्रिकेट क्लब की बॉलिग के दौरान, सौरभ राय ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए, प्रताप बसिस्ता ने 42 रन देकर 1 विकेट और अरुण कुमार ने 51 रन देकर 1 विकेट लिया।

# DC की प्लेऑफ की उम्मीदों को वैभव से खतरा

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल 2026 का अभियान एक अहम मोड़ पर पहुंच गया है, और आज होने वाले मुकाबले में उनके बचने के बीच एक निडर किशोर (आरआर का वैभव सूर्यवंशी) खड़ा है जिसने टूर्नामेंट में तहलका मचाया हुआ है। जब दिल्ली रविवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी, तो सभी की नजरें 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर होंगी, जिनकी जबरदस्त बल्लेबाजी ने उन्हें इस सीजन के सबसे बड़े स्टार्स में से एक बना दिया है। दिल्ली के लिए, समीकरण आसान है, जीतो या प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर होने का रिस्क लो। 12 मैचों में 10 अंकों के साथ टेबल में सातवें नम्बर पर, दिल्ली के पास गलती की बहुत कम गुंजा. इश बची है।

उनके -0-993 के खराब नेट रन रेट ने मामले को और मुश्किल बना दिया है, जिसका मतलब है कि एक और हार उन्हें लीग स्टेज के आखिरी हफ्ते में कई नतीजों पर निर्भर कर सकती है। वहीं राजस्थान रॉयल्स (आरआर) भी पूरी तरह से



कम्फर्टेबल नहीं है। 11 मैचों में 12 अंकों के साथ छठे नम्बर पर, आरआर एक समय टॉप-चार की रेस में मजबूती से आगे थी, लेकिन अचानक फॉर्म में गिरावट के कारण उन्हें अपने पिछले सात में से पांच गेम हार का सामना करना पड़ा। फिर भी, वे टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बल्लेबाजी टीमों में से एक हैं, जिसका बड़ा कारण सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की जबरदस्त शुरुआत है। सूर्यवंशी का आगे बढ़ना आईपीएल 2026 के सबसे बड़े टॉकिंग पॉइंट्स में से एक बन गया है। इस किशोर ने केवल 11 मैचों में 40 छक्के लगाए हैं। 'जो इस सीजन में किसी भी खिलाड़ी द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं' और पावरप्ले के अंदर कई बार गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त किया है। उनके निडर स्ट्रोकप्ले ने राजस्थान को रन चेज में जल्दी हावी होने और विरोधियों पर तुरंत दबाव डालने की काबिलियत दी है।दिल्ली के लिए, पहले छह ओवर में सूर्यवंशी को रोकना यह तय कर सकता है कि उनका सीजन बना रहेगा या नहीं। दिल्ली के पास राजस्थान को धीमा करने की काबिलियत है।

कुलदीप यादव और कप्तान अक्षर पटेल ने टूर्नामेंट में सबसे अच्छी स्पिन पार्टनरशिप में से एक बनाई है और बीच के ओवरों को कंट्रोल करने की दिल्ली की उम्मीदों के लिए अहम बने हुए हैं। बैटिंग-फ्रेंडली दिल्ली पिच पर मोमेंटम तोड़ने की उनकी काबिलियत अहम हो सकती है। हालांकि, दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता उनका अपना असंगत रहना है। उन्होंने सीजन की शुरुआत जोरदार की थी लेकिन बार-बार बल्लेबाजी के गिरने और खराब डेथ बॉलिग के कारण बुरी तरह पिछड़ गए। उनका शीर्ष क्रम अक्सर दबाव में संघर्ष करता रहा है, जिसमें टूर्नामेंट में पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 13/6 पर एक नाटकीय गिरावट भी शामिल है।

# सोन द. कोरिया की विश्वकप फुटबॉल टीम के कप्तान चुने गए

**सियोल, वार्ता।** टोटेनहम हॉटस्पर के पूर्व फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन को चौथी बार दक्षिण कोरिया की विश्वकप फुटबॉल टीम का कप्तान चुना गया है। 33 साल के सोन ने पिछले वर्ष स्पर्स छोड़ दिया था और अब मेजर लीग सॉकर टीम लॉस एंजिल्स एफसी के लिए खेलते हैं।

दक्षिण कोरिया फीफा विश्व. कप 2026 में अपना अभियान 12 जून को चेक रिपब्लिक के खिलाफ शुरू करेगा और फिर 19 जून को सह मेजबान मेक्सिको का सामना करेगा, दोनों मैच ग्वाडलहारा में होंगे, और फिर 25 जून को मॉन्टेरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना ग्रुप ए शेड्यूल खत्म करेगा। सोन कोच होंग म्युंग-बो द्वारा चुनी गई एक अनुभवी टीम का हिस्सा हैं, जिसमें वॉल्व्स के फॉरवर्ड ह्वांग



ही-चान और साथी ब्रिटिश-बेस्ड मिडफील्डर बे जुन-हो द्धस्टोकऋ, पैक सेउंग-हो द्धबर्मिंघमऋ, सेल्टिक के यांग ह्यून-जुन और स्वानसी के इओम जी-सुंग भी शामिल हैं।

गोलकीपर: जो ह्योन-वू (उल्सान), किम सेउंग-ग्यू (एफसी टोक्यो), सॉन्ग बम-क्यून (जियोनबुक)। डिफेंडर: किम मून-ह्वान (डेजॉन), किम मिन-जे (बायर्न म्यूनिख), किम ताए-ह्योन (काशिमा एंटलर्स), पार्क जिन-सियोब (झेजियांग), सियोल यंग-वू (रेड स्टार बेलग्रेड), जेन्स कैस्ट्रॉप (बोरूसिया मोनचेंग्लाडबैक), ली की-ह्युक (गैंगवोन), ली ताए-सियोक (ऑस्ट्रिया विएन), ली हान-बीओम (मिड्टजिलैंड), चो यू-मिन (शारजाह) मिडफील्डर: किम जिन-ग्यू (जियोनबुक), बे जुन-हो (स्टोक सिटी), पैक सेउंग-हो (बर्मिंघम), यांग ह्यून-जुन (सेल्टिक), इओम जी-सुंग (स्वानसी), ली कांग-इन (पेरिस सेंट-जर्मेन), ली डोंग-ग्योंग (उल्सान), ली जे-सुंग (मेन्ज), ह्वांग इन-बीओम (फ़ेएनोर्ड), ह्वांग ही-चान (वुल्व्स) फ़ॉरवर्ड: सोन ह्युंग-मिन (एलएएफसी), ओह ह्योन-ग्यू (बेसिटकास), चो गुए-सुंग (मिडट्जिलैंड)।

# पाकिस्तान ने टी-20 महिला विश्व कप के लिए टीम का ऐलान किया

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने फातिमा सना की अगुवाई में आगामी आईसीसी महिला टी-20विश्व कप 2026 के लिए 15 सदर्स्य टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में पांच खिलाड़ी हैं जो महिला टी 20 वर्ल्ड कप में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, आयमान फातिमा, नतालिया परवेज, रमीन शमीम, सायरा जबीन और तस्मिया रुबाब। गुल फिरोजा, जिन्होंने हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ खत्म हुई एकदिवसीय सीरीज में दो शतक लगाए थे, अपने दूसरे टी-20 वर्ल्ड कप में शीर्षक्रम को मजबूती देंगी। अनुभवी विकेटकीपर बैट्समैन मुनीबा अली और बैट्समैन आयशा जफर दूसरी खिलाड़ी हैं जिनसे पाकिस्तान के टॉप ऑर्डर को आगे बढ़ाने की



उम्मीद है। नतालिया परवेज, इरम जावेद, आलिया रियाज और सायरा जबीन कुछ ऐसे ऑप्शन हैं जो मिडिल ऑर्डर में काम आ सकते हैं। लेकिन जैसा कि पहले भी साबित हो चुका है, पाकिस्तान की सबसे मजबूत टीम उसकी बॉलिग है। सादिया इकबाल, नशरा संधू, तुबा हसन और रमीन शमीम स्पिन अटैक को लीड करेंगी, जबकि फातिमा, डायना बेग और तस्मिया रुबाब पेस लाइनअप को बूस्ट करेंगी। टूर्नामेंट से पहले, यही टीम 28 मई से शुरू होने वाली आयरलैंड और वेस्ट इंडीज की त्रिकोणीय में भी खेलेगी। पाकिस्तान ने अब तक महिला टी-20 वर्ल्ड कप के सभी एडिशन में हिस्सा लिया है, लेकिन अभी तक नॉकआउट स्टेज तक नहीं पहुंची है, और इस टूर्नामेंट में बेहतर करने की को. शिश करेगी। टूर्नामेंट में उनका पहला मुकाबला चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से है। टी-20 महिला विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है: फातिमा सना (कप्तान), गुल फिरोजा, आयशा जफर, इरम जावेद, आयमान फातिमा, आलिया रियाज, नतालिया परवेज, सायरा जबीन, मुनीबा अली, तुबा हसन, रमीन शमीम, सादिया इकबाल, नशरा संधू, डायना बेग और तस्मिया रुबाब।

# खुर्रम शहजाद व मोहम्मद अब्बास ने बंगलादेश को 278 रन पर समेटा

**सिलहट, वार्ता।** खुर्रम शहजाद (चार विकेट) और मोहम्मद अब्बास (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शनिवार को बंगलादेश की पहली पारी को 278 रन पर समेटने के बाद स्टंप के समय बिना कोई विकेट खोए 21 रन बना लिए है।

आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश को मोहम्मद अब्बास ने पहले ही ओवर में महमूदुल हसन जॉय (शून्य) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मो. मिनुल हक ने तंजिद हसन के साथ



पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 10वें ओवर में अब्बास ने तंजिद हसन (26) रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेशी बल्लेबाज अंत. राल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मोमिनुल हक (22) को खुर्रम शहजाद ने आउट किया। कप्तान नजमुल हसन शांतो (29) को मोहम्मद अब्बास ने आउट किया। इस दौरान बल्लेबाजी करने आए लिटन कुमार दास ने मोर्चा संभाला और एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे।

पांचवें विकेट के रूप में मुश्तफिकुर रहीम (23) को शहजाद ने आउट किया। मेहदी हसन मिराज (चार), तैजुल इस्लाम (16), तस्कीन अहमद (सात) और नाहिद राणा (शून्य) परआउट हुए। 77वें ओवर की आखिरी गेंद पर हसन अली ने लिटन कुमार दास को आउटकर बंगलादेश की पहली पारी का 278 रन पर अंत किया। लिटन कुमार दास ने 159 गेंदों में 16 चौके और दो छक्कों की मदद से 126 रनों की शतकीय पारी खेली।

# गवर्नेंस से जुड़े मुद्दों पर आईसीसी ने क्रिकेट कनाडा की फंडिग रोकी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गवर्नेंस से जुड़ी खामियों के बाद क्रिकेट कनाडा की फंडिग रोक दी है। कनाडा के खोजी डॉक्यूमेंट्री कार्यक्रम द फिफ्थ इस्टेट ने आईसीसी की नीतियों के उल्लंघन, बोर्ड के शासकीय और आधिकारिक नियंत्रण की कमी को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। हाल के दिनों में कनाडाई क्रिकेट मैदान के अंदर और बाहर, दोनों ही मोर्चों पर गहरे संकट से गुजरा है। हालिया टी-20 विश्व कप में कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक़ाबले की जांच आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई कर रही है।

इसके अलावा एक और एसीयू जांच भी चल रही है, जो कनाडा के तत्कालीन कोच खुर्रम चौहान की एक लीक ऑडियो रिकॉर्डिंग से जुड़ी है। पिछले साल सामने आए इस ऑडियो में दावा किया गया था कि क्रिकेट कनाडा के कुछ तत्कालीन सीनियर अफ़सरों ने नेशनल टीम में चहेते खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए कोच पर दबाव बनाया था। इस लीक ऑडियो में मैच फिक्सिग के प्रयास के आरोप भी शामिल थे। पिछले एक साल में कनाडाई क्रिकेट को कई प्रशासनिक झटके भी लगे हैं। सबसे बड़ा विवाद पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान खान की नियुक्ति और फिर उन्हें पद से हटाए जाने को लेकर हुआ। उनकी बहाली पर आईसीसी ने इसलिए उंगली उठाई थी क्योंकि उन्होंने अपने पुराने आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाई थी। बाद में कैलगरी पुलिस ने उन पर चोरी और धोखाधड़ी का केस भी दर्ज किया। हालांकि सलमान इन आरोपों को खारिज करते रहे हैं। वहीं अप्रैल के महीने में अमजद बाजवा की जगह अरविदर खोसा को अंतरिम बोर्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आईसीसी ने पिछले सप्ताह 9 और 10 मई को हुई क्रिकेट कनाडा की सालाना आम बैठक (एजीएम) के तुरंत बाद यब फ़ैसला लिया है। इस बैठक में बोर्ड ने दावा किया था कि वह षगवर्नेंस ट्रांसफ़ॉर्मेशन इनिशिएटिवके तहत सुधारों को लागू कर रहा है। इसी बैठक में 9 सदस्यों वाले नए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव हुआ, जिसमें खोसा को अंतरिम कार्यकाल के बाद फुल-टाइम अध्यक्ष चुन लिया गया।



प्रयागराज। भीषण गर्मी के दिन में लोगों को राहत देने के लिए पानी का छिड़काव करता नगर निगम का वाटर स्प्रिंकलर ट्रक।

# नीदरलैंड में बोले मोदी, भारत अवसरों की भूमि

## प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय से निवेश और सहयोग का किया आह्वान

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 वीं सदी के भारत को अवसरों की भूमि बताते हुए नीदरलैंड में भारतीय समुदाय से भारत में निवेश तथा सहयोग बढाने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि विकसित भारत की यात्रा में वैश्विक भारतीय समुदाय की बड़ी भूमिका होगी। पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में दो दिन की यात्रा पर शुक्रवार रात यहां पहुंचे मोदी ने शनिवार को भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने उन लोगों को दोनों देशों के संबंधों की असली ताकत तथा जीवंत सेतु करार दिया और कहा कि सरकार ने सूरीनामी हिदुस्तानी समाज के लिए ओसीआई कार्ड पात्रता चौथी पीढ़ी से बढ़ाकर छठी पीढ़ी तक कर दी है। मोदी ने आर्थिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र और लोकतांत्रिक उपलब्धियों को रेखांकित किया तथा उन लोगों से भारत-नीदरलैंड संबंधों को नई ऊंचाई देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड के



■ भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है: पीएम

नेताओं ने हमेशा भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा की है और यहां रह रहे भारतीय डच समाज के लोग अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रवासियों की सांस्कृतिक जड़ों की सराहना करते हुए कहा कि पीढ़ियां बदलने और देशों की सीमाएं बदलने के बावजूद भारतीयों ने अपनी भाषा, संस्कृति, त्योहार और परंपराओं को जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय केवल प्रवास की कहानी नहीं बल्कि संघर्ष, संस्कृति और प्रगति की जीवंत मिसाल है। भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न थे जबकि आज यह संख्या करीब 125 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा, अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब मोबाइल फोन निर्माण में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और देश में 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों पर काम चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत में अब 'डिजाइन्ड इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' चिप्स का उत्पादन शुरू हो रहा है। उन्होंने डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल सार्वजनिक ढांचा विकसित कर चुका है। उन्होंने कहा कि हर महीने भारत में 20 अरब से अधिक यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं, जो वैश्विक डिजिटल लेन-देन का आधे से अधिक हिस्सा है। वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी, युद्ध और ऊर्जा संकट के बीच दुनिया विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड मिलकर 'विश्वसनीय, पारदर्शी और भविष्य-उन्मुख' आपूर्ति श्रृंखला विकसित कर रहे हैं। उन्होंने हरित हाइड्रोजन, जल सुरक्षा और व्यापारिक सहयोग को दोनों देशों के रिश्तों का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते से भारत-नीदरलैंड साझेदारी और मजबूत होगी तथा भारतीय व्यवसायों के लिए यूरोप में प्रवेश का प्राकृतिक द्वार नीदरलैंड बनेगा।

## कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य इबोला का प्रकोप, डब्ल्यूएचओ पहुंचा रहा राहत सामग्री

**किन्शासा/ब्राजाविल।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के उत्तर-पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला बुंडिबुग्यो के प्रकोप की पुष्टि होने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) वहां की सरकार को दी जाने वाली सहायता को तेजी से बढ़ा रहा है। कांगो की राजधानी किन्शासा में स्थित देश की रेफरेंस लैब, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ बायोमेडिकल रिसर्च (आईएनआरबी) द्वारा किए गए लैब टेस्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि इटुरी प्रांत के मोंगबवालू और रवाम्पारा स्वास्थ्य क्षेत्रों में गंभीर बीमारी और मौतों के एक समूह से जुड़े संदिग्ध मामलों से लिए गए 13 नमूनों में से 8 में इबोला का प्रकोप बुंडिबुग्यो प्रजाति के कारण हुआ था।

## ट्रम्प के बाद अब पुतिन चीन की यात्रा की तैयारी में

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा की समाप्ति के तुरंत बाद रूस ने राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के 19 मई से दो दिन के लिए चीन जाने के कार्यक्रम की घोषणा की है। पुतिन सरकार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पुतिन 19 से 20 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच 'व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत' बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पुतिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर बैठक करेंगे। वह बीजिंग में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ आर्थिक और व्यापारिक सहयोग पर भी बातचीत करेंगे। रूस की समाचार एजेंसी तास की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा दोनों देशों के बीच 2001 में हुई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय 'सद्भावना और मैत्रीपूर्ण सहयोग संधि' की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

# चीनी विदेश मंत्री ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी

## चीन-अमेरिका टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है: वांग ई



■ दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमेरिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते
■ चीन और अमेरिका के बीच संबंध ) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह
■ शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बातचीत हुई

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी हो सकता है।

चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित होगा, जबकि सहयोग से कई ऐसे महान परिणाम प्राप्त हो सकते हैं जिनसे दोनों देशों और पूरी दुनिया को लाभ होगा। मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमेरिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते। मंत्री ने आगे कहा कि (चीन और अमेरिका के बीच संबंध) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह। चीन के शीर्ष राजनयिक ने बताया कि शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बातचीत हुई। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, वांग ई ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी, जिसमें दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने गहन चर्चा की और फलदाई परिणाम प्राप्त किए। बैठक में औपचारिक वार्ता और स्वागत भोज के साथ-साथ विचारों का आदान-प्रदान और छोटे पैमाने पर दौरे भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि 'चीन-अमेरिका संबंधों की नाव' को चलाने में शी और ट्रम्प का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के विकास पर दूरगामी प्रभाव डालेगा। ट्रम्प ने 13-15 मई को चीन की राजकीय यात्रा की।

## ताइवान को 12 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ताइवान को 12 अरब डॉलर मूल्य के हथियारों की आपूर्ति का मुद्दा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक साक्षात्कार में इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ताइवान को दी जाने वाली लगभग 12 अरब डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित कर दी गई है। ट्रम्प ने इसे चीन के साथ बातचीत और सौदेबाजी के लिए एक 'बहुत अच्छा टूल' बताया है। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं इसे रोक रहा हूं और यह चीन पर निर्भर करता है। सच कहूं तो, यह हमारे लिए बातचीत का एक बहुत अच्छा जरिया है। इसमें बहुत सारे हथियार हैं। इसमें 12 अरब अमेरिकी डॉलर के बहुत सारे हथियार हैं। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि चीन में उनकी बातचीत से ताइवान के प्रति अमेरिकी नीति पर कोई असर नहीं पड़ा है। ट्रम्प ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने चीन और ताइवान दोनों से तनाव कम करने की अपील करते हुए कहा कि ताइवान और चीन दोनों के लिए थोड़ा शांत रहना समझदारी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले कहा था कि उन्हें ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मतभेदों के पूर्ण पैमाने के संघर्ष में बदलने का कोई खतरा नहीं दिखता।

## आईएमएफ के फंड से रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा पाक

■ 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष के बजट में रक्षा खर्च को करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये बढ़ाने की योजना बना रही है। सरकार यह बजट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा समर्थित एक सुधार कार्यक्रम के तहत तैयार कर रही है, जिसमें राजस्व में भारी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। डान अखबार की एक रिपोर्ट में आईएमएफ के दस्तावेजों का हवाला दिया गया है।

इसके अनुसार, साल 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान है। पिछले साल यह खर्च 2.564 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ ने 2026-27 के लिए पाकिस्तान के कुल संघीय राजस्व का अनुमान 17.144 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये लगाया है, जो मौजूदा वित्त वर्ष से 2 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये से भी अधिक है। इसमें 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। इसमें यह भी कहा गया है, पाकिस्तान सरकार ने संघीय और प्रांतीय सरकारों के कुल खर्च में जीडीपी के 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की बात कही है। यह खर्च कुल 4.227 लाख करोड़ रुपये होगा। इसके अलावा, सरकार ने जून 2027 तक सभी सरकारी भुगतानों को पूरी तरह डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा है। आईएमएफ के सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार इस साल के अंत तक भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा आशंका वाले 10 संस्थानों की पहचान करेगी। इन संस्थानों का विशेष आडिट और विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही, राज्यों की भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं को भी और ताकत दी जाएगी। सरकार ने यह भी भरोसा दिया है कि वह विशेष आर्थिक क्षेत्रों, निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों और विशेष टेक्नोलाजी क्षेत्रों के लिए कोई नई रियायत या प्रोत्साहन शुरू नहीं करेगी।

# ईरान के साथ युद्धविराम पाक के अनुरोध: ट्रम्प

## पाकिस्तान को वॉशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया

**एयर फोर्स वन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने के लिए राजनयिक मार्ग खोलने के उद्देश्य से ईरान के साथ किया गया युद्धविराम समझौता 'पाकिस्तान के अनुरोध पर' किया गया था।



■ मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया: ट्रम्प

उन्होंने पाकिस्तान को वाशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया और यह दावा भी किया कि अन्य देशों ने भी इस युद्धविराम के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने चीन की दो दिवसीय यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुए अपनी शंकाओं के बारे में हमेशा की तरह स्पष्ट रूप से कहा कि वे शुरू में युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अनुरोधों के कारण सहमत हुए। उन्होंने कहा कि व्यापक राजनयिक दबाव ने इस निर्णय को प्रभावित किया। ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि अमेरिका शत्रुता में आए इस ठहराव को समझौते के रूप में नहीं, बल्कि अपने अत्यधिक शक्तिशाली होने की स्थिति से देखता है। उन्होंने दुनिया के सबसे अशांत क्षेत्रों में से एक में पाकिस्तान की राजनयिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर युद्धविराम किया। मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री बहुत बढ़िया हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी से ईरान पर दबाव बनाने के लिए कहा था, तो ट्रम्प ने संकेत दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ अपने व्यवहार में बाहरी 'उपकारों' पर निर्भर नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने पहले ही 'मुख्य रूप से उनके सशस्त्र बलों को समाप्त कर दिया है' और संभावित आगामी कार्रवाई का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि हमें थोड़ा सफाई का काम करना पड़ सकता है क्योंकि हमारे पास महीने भर का छोटा युद्धविराम था, लेकिन हमारी नाकेबंदी इतनी प्रभावी है-यही कारण है कि हमने युद्धविराम किया। ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर दबाव बनाने के लिए चीन से सहायता मांगने की बात को ज्यादा महत्व नहीं दिया। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि होर्मुज पर बीजिंग की ऊर्जा निर्भरता को देखते हुए वह अभी भी एक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं किसी से मदद नहीं मांग रहा हूं, क्योंकि जब आप सहायता मांगते हैं, तो आपको बदले में सहायता भी करनी पड़ती है। हमें किसी की मदद की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने देश की जरूरतों के हिंसाब से ईरान पर दबाव बना सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे दबाव बनाने के लिए कह सकते हैं-मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे।

## यूएई ने ईरान के खिलाफ हमलों में हाथ होने से किया इंकार

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान के उन आरोपों को साफ तौर पर खारिज कर दिया, जिसमें ईरान ने अमेरिकी हमलों के दौरान सीधे तौर पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया था। नई दिल्ली में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) के विदेश मंत्रियों की बैठक में यूएई के राज्य मंत्री खलीफा शाहीन अल मरार ने कहा कि इस तरह के आरोपों के साथ ही दबाव या गलत जानकारी की कोशिशों का देश के सिद्धांतों पर बनी विदेश नीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वतंत्र फैसले लेने को प्रतिबद्ध है और किसी भी दुश्मनी भरे काम का जवाब देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत सभी अधिकार रखता है।

# मालदीव में इटली के 5 गोताखारों की मौत

## समुद्र के नीचे गहरी गुफाओं की खोज में निकले थे, सिर्फ एक का शव मिला



**माल।** मालदीव के वावू एटोल में इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में मौजूद गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अब तक सिर्फ एक शव बरामद हुआ है।

खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका है। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मोनिका मोंटेफाल्कोने, जार्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है। यह टीम 'डयूक आफ यार्क' नाम की बोट से समुद्र में गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पांच में से कम से कम चार डाइवर्स इटली की यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा से जुड़े थे। जियानलुका बेनेडेट्टी याट पर बोट आपरेशंस मैनेजर थे। उनका शव ही अब तक बरामद किया जा सका है। मोनिका मोंटेफाल्कोने मरीन बायोलाजिस्ट और यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा में ट्रापिकल मरीन इकोलाजी और अंडरवाटर साइंस की प्रोफेसर थीं। इटली की मीडिया के मुताबिक वह मालदीव में एक आइलैंड मानिटरिंग कैंपेन की साइंटिफिक डायरेक्टर भी थीं। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी बेटी जार्जिया सोमाकाल को भी समुद्र और डाइविंग में दिलचस्पी थी। उन्होंने उसी यूनिवर्सिटी से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। 31 साल की म्यूरियल ओडेनिनो मरीन बायोलाजिस्ट और इकोलाजिस्ट थीं। उन्होंने कई वैज्ञानिक रिसर्च पेपर भी लिखे थे। वहीं, 31 साल के फेडेरिको गुआल्तिएरी ने हाल ही में मरीन बायोलाजी और इकोलाजी में डिग्री पूरी की थी। वह सर्टिफाइड स्कूबा डाइविंग इंस्ट्रक्टर भी थे।

## आईएसआई के नंबर-2 कमांडर की अमेरिकी ऑपरेशन में मौत

■ अफ्रीका में छिपा था, ट्रम्प बोले: वह दुनिया का सबसे एक्टिव आतंकी था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आतंकी संगठन आईएसआई के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू बिलाल अल मिनुकी के मारे जाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरियाई सेना के साथ मिलकर अफ्रीका में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ट्रम्प ने कहा कि यह ऑपरेशन बहुत ही प्लानिंग के साथ और बेहद मुश्किल तरीके से अंजाम दिया गया। वह छिपा हुआ था तभी उसे निशाना बनाया गया।

उनके मुताबिक यह आतंकी दुनिया के सबसे एक्टिव आतंकियों में से एक था और उसे खत्म करने के लिए काफी समय से उस पर नजर रखी जा रही थी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उसके मारे जाने से आईएसआई के फंडिंग नेटवर्क और कमांड सिस्टम को बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि ऑपरेशन कहां और कब हुआ, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आईएसआई का सबसे बड़ा नेता उसका खलीफा होता है। अभी के समय में इस संगठन का प्रमुख अबू हफ्स अल हाशिमी अल कुरैशी माना जाता है। वहीं नंबर-2 अल मिनुकी को इस्लामिक स्टेट (आईएसआई) का संगठन और फंडिंग संभालने वाला दिमाग माना जाता था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, वह अमेरिका और उसके विदेशों में मौजूद हितों पर हमलों की योजना बना रहा था।

## ओपेक से बाहर निकलना एक रणनीतिक फैसला: संयुक्त अरब अमीरात

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री सुहैल अल-मजरूई ने तेल निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' और 'ओपेक प्लस' से बाहर निकलने के देश के फैसले का खुलासा किया है। मजरूई ने स्पष्ट किया कि संगठन छोड़ना यूएई का रणनीतिक विकल्प है, जो पूरी तरह से देश के राष्ट्रीय हितों और आर्थिक दृष्टिकोण पर आधारित है। सोशल मीडिया पर शनिवार को मंत्री ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की, जो पिछले कुछ दिनों से फिजा में तिर रहे थे कि राजनीतिक मतभेदों की वजह से यूएई ने इन संगठनों को छोड़ा है।

# ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

## 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात, ट्रम्प के फैसले का इंतजार

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं। एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रायर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं।



■ अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा

## अमेरिका में उत्पादन करे और अमेरिकियों को नौकरी दे चीन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन अमेरिका से टैरिफ से बचना चाहता है, तो उसे अमेरिका में कारखाने लगाने चाहिए और अमेरिकियों को नौकरी देनी चाहिए। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि अगर चीन यहां आकर टैरिफ से बचना चाहता है, तो यहां उत्पादन करने पर ज्यादातर अमेरिकी लोगों को ही नौकरी मिलेगी। अगर वे टैरिफ से बचना चाहते हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही उत्पादन करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि चीन के साथ पहले घोषित समझौते के तहत ऑर्डर किए गए बोइंग विमानों की संख्या 750 तक पहुंच सकती है। अमेरिकी नेता के अनुसार, पहले बीजिंग ने 200 बोइंग विमान खरीदने पर सहमति जताई थी, हालांकि चीन ने अभी तक इस समझौते की पुष्टि नहीं की है।

## नाइजीरिया ने भी की आईएसआईएस आतंकी अबू बिलाल की मौत की पुष्टि

**अबूजा।** नाइजीरिया-अमेरिका की सेनाओं ने संयुक्त सैन्य अभियान में खूंखार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी को मार गिराया है। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस सफल अभियान की पुष्टि करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ बड़ी उपलब्धि करार दिया है। लेक चाड बेसिन में स्थित आतंकवादी ठिकाने पर किए गए इस सटीक प्रहार में अल-मिनुकी के साथ उसके कई साथी भी मारे गए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति टिनूबू ने इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नाइजीरियाई सशस्त्र बलों ने अमेरिकी सेना के साथ मिलकर इस बेहद साहसी अभियान को अंजाम दिया है।

# विजय थलपति का नाम सुन शरमाई

## तृषा कृष्णन



### फैन ने कहा-थलपति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है, एक्ट्रेस ने किया रिएक्ट

**चेन्नई।** थिएटर से बाहर निकलते समय एक फैन ने तृषा कृष्णन से विजय का जिक्र किया तो एक्ट्रेस ब्लश कर गईं। तृषा चेन्नई में अपनी नई रिलीज फिल्म करुप्पु की स्क्रीनिंग में पहुंचीं। इस दौरान डायरेक्टर आरजे बालाजी और एक्टर कार्थी भी मौजूद थे। थिएटर से बाहर निकलते समय तृषा अपनी कार में बैठी थीं। उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी। इसी दौरान एक फैन ने कहा कि थलापति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है। इस पर तृषा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, कंदीपा जरूर। फिर उन्होंने सिर नीचे कर लिया। इसके बाद वह फोन चलाती नजर आती हैं। बाद में तृषा वहां मौजूद फैंस की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन भी करती दिखीं। तृषा की फिल्म करुप्पु सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज हुई। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से तृषा को एक्टर और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के साथ लिंक किया जा रहा है। हालांकि, विजय और तृषा ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है। हाल ही में सीएम विजय के एक फैसले की भी काफी चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने तृषा की फिल्म करुप्पु के लिए सुबह 9 बजे के मार्निंग शो (स्पेशल स्क्रीनिंग) की विशेष अनुमति दी। बता दें कि मार्निंग शो पर राज्य में पिछले 3 सालों से प्रतिबंध लगा हुआ था। इससे पहले 10 मई को तृषा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुईं। शपथ ग्रहण समारोह में तृषा ने विजय के परिवार से मुलाकात की और उनकी मां से गले मिलीं। वहीं, 4 मई को चुनाव परिणाम के दिन तृषा विजय के नीलांकरई स्थित घर भी पहुंची थीं। खास बात यह रही कि उसी दिन तृषा का 43वां जन्मदिन भी था। पर्सनल लाइफ की बात करें तो तृषा की 2015 में बिजनेस मैन वरुण मनियन से सगाई हुई थी, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए थे। वहीं, विजय ने 1999 में संगीता सोरना. लिंगम से शादी की थी। इस शादी से दोनों के दो बच्चे जेसन संजय और दिव्या साशा हुए। वहीं, विजय और संगीता के तलाक का मामला अदालत में चल रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, संगीता ने अपनी तलाक याचिका में पति विजय पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। कि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था।

## कान्स में गूंजा लालो का नाम, गुजराती सिनेमा ने रचा नया इतिहास



**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर गुजराती फिल्म लालो ने कान्स में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। फिल्म की टीम ने दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई मंचों में से एक पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गुजराती सिनेमा को नई पहचान दिलाई है। लालो कान्स तक पहुंचने वाली उन शुरुआती गुजराती फिल्मों में शामिल हो गई है, जिसने क्षेत्रीय कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का काम किया है।यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा, मिट्टी से जुड़ी सच्ची कहानियों और देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली कहानियों को दुनिया भर में मिल रही पहचान का उत्सव है। फिल्म की टीम ने दर्शकों के लगातार प्यार और समर्थन के लिए आभार जताया, जिसकी वजह से यह खास सफर संभव हो सका।

निर्देशक अंकित साखिया ने कहा, लालो- श्री कृष्ण सदा सहायते का कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए गर्व और बेहद भावुक कर देने वाला पल है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और इस फिल्म ने ही हमें यहां तक पहुंचाया है।

## प्रीति जिंटा की बातों से प्रभावित हैं सोनम बाजवा, अभिनेत्री की तारीफ की





**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनम बाजवा अपनी नई पंजाबी फिल्म श्पिट सियापाश को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने आईपीएल सीजन के दौरान टीम पंजाब किंग्स को सपोर्ट किया है। उन्होंने टीम की को-ओनर प्रीति जिंटा से हुई मुलाकात के बारे में बात की है और तारीफ की है। सोनम बाजवा को आईपीएल 2026 के कई मैचों में पंजाब किंग्स के लिए चीयर करते देखा गया है। सोनम बाजवा ने प्रीति जिंटा को लेकर अपने विचार साझा किए। प्रीति के बारे में बात करते हुए, सोनम ने का श्वह उन सबसे खूबसूरत और हसीन महिलाओं में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी देखा है। मैंने उनकी पहली फिल्म से ही उन्हें फालो किया है।

एक एक्ट्रेस के तौर पर उनका सफर देखा है। अब, मैं एक एंटरप्रेन्योर के तौर पर भी उनका सफर देख रही हूं। वह आईपीएल टीम को लीड कर रही हैं। यह सचमुच प्रेरणादायक है। एक्ट्रेस ने कहा श्मैं कल ही किसी से बात कर रही थी कि प्रीति का एक्टिंग करियर कितना शानदार रहा है। सही समय पर, उन्होंने इस आईपीएल टीम में निवेश किया और यह टीम कमाल कर रही है। सोनम ने टूर्नामेंट के बाकी मैचों के लिए पंजाब किंग्स को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा उनकी टीम काफी अच्छा कर रही है। पंजाब की टीम भी काफी अच्छा कर रही है। इसलिए, मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। प्रीति जिंटा की टीम पंजाब किंग्स को हाल ही में मुंबई इंडियंस के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसे मिलाकर टीम की यह पांचवी हार है। आईपीएल 2026 सीजन की शानदार शुरुआत करते हुए टीम अब 12 मैचों में 13 अंकों के साथ पाइंट्स टेबल पर चौथे स्थान पर है। प्लेआफ में पहुंचने के लिए पंजाब किंग्स को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे।

## पुष्कर जोग ने कान्स डेब्यू में सभी का दिल जीता

**मुंबई।** अभिनेता पुष्कर जोग ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपना दमदार डेब्यू किया और अपनी मौजूदगी से सबका दिल जीत लिया। पुष्कर जोग ने इस ग्लोबल मंच पर महाराष्ट्र का शानदार प्रतिनिधित्व किया। कान्स में दुनिया भर के बड़े-बड़े सितारे और नामी चेहरे मौजूद थे। इस इंटरनेशनल चमक-दमक के बीच पुष्कर जोग ने अपनी अलग पहचान बनाई और मराठी सिनेमा के लिए एक खास पल दर्ज किया। पहली बार आइकॉनिक रेड कार्पेट पर उतरते ही पुष्कर ने अपने सिपल लेकिन स्टाइलिश लुक से सबको इंप्रेस कर दिया। उनका कॉन्फिडेंट अंदाज, लोगों से गर्मजोशी भरी मुलाकातें और चेहरे पर साफ दिखती खुशी ने उन्हें फेस्टिवल के यादगार इंडियन चेहरों में शामिल कर दिया। अपना अनुभव शेयर करते हुए पुष्कर ने कहा, पहली बार कान्स रेड कार्पेट पर चलना सच में किसी सपने जैसा है।

## अक्षय की वेलकम टू द जंगल का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार के अल्ट्रा-स्टाइलिश पोस्टर के बाद अब टीजर ने भी फिल्म के मजेदार माहौल की झलक दे दी है, जिसे देखकर फैंस अक्षय कुमार को एक बार फिर उनके सबसे पसंदीदा कॉमेडी अवतार में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। वेलकम टू द जंगल पूरी तरह से कॉमेडी और अफरा-तफरी से भरी एक ऐसी दुनिया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका होने वाला है। ज्यादा स्टार्स, ज्यादा कन्फ्यूजन, ज्यादा कॉमेडी और नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट के साथ यह फिल्म दर्शकों को इंटेंस सिनेमा से एक मजेदार ब्रेक देने का वादा करती है। क्लासिक कॉमिक टाइमिग और साफ-सुथरे पारिवारिक मनोरंजन का वही पुराना चार्म इस फिल्म में फिर से देखने को मिलेगा। फिल्म में कलाकारों की एक शानदार टोली नजर आएगी, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ,




परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडे, बृजेंद्र काला, फिरोज खान (अर्जुन), स्वर्गीय पंकज धीर जी, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, जीतू वर्मा, वृहि कोडवारा, आदित्या सिंह और भाग्य भानुशाली शामिल हैं।

